मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-2, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 179 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
14 दिसंबर 2023 गुरुवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
25 अधिकतम
14 न्यूनतम




Page- 7

## नई सरकार के नए कामकाज और पुरानी सियासत का चक्र तेजी से घूमा

# सूबे के वित्तीय प्रबंधन पर सरकार का फोकस, विकल्प तलाशे जाएंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में मोहन यादव सरकार के कल शाम से एक्शन में आने के बाद आज सीएम यादव ने मौजूदा प्रशासनिक जमावट का 'मुआयना' किया है। आज सुबह उन्होंने मंत्रालय में पदस्थ सभी अपर मुख्यसचिव,प्रमुख सचिव, सचिव व निगम मंडलों में पदस्थ प्रबंध संचालकों के साथ बैठक की और अपनी प्राथमिकताओं व विजन से अवगत कराया। उन्होंने वित्तीय प्रबंधन पर खास जोर दिया है ताकि योजनाओं की गति बनी रहे और राशि की कमी आड़े ना आए। उल्लेखनीय है कि यादव सरकार को अब चुनाव के पहले शुरू की गई योजनाओं को चलाए रखने व नए वादों को पूरा करने की जवाबदारी है। बताया जाता है कि यादव ने साफ तौर पर कहा है कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसके साथ ही आमजन को प्रशासनिक तंत्र से होने वाली किसी भी असुविधा को भी गंभीरता से लिया जाएगा। इस बैठक के बाद उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों के साथ वीडियो कांफ्रेस की तथा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर जानकारी मांगी। उन्होंने जिलों की कानून व्यवस्था और अन्य पहलुओं पर भी कलेक्टर्स से बात की।



## सीएम ने दिए निर्देश

### पैसों के इंतजाम का रास्ता निकालने के लिए अफसरों की समिति बनेगी



मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पहली बैठक में सीएम मोहन यादव ने साफ तौर पर योजनाओं व घोषणाओं को पूरा करने की चिंजा जताई। उन्होने अफसरों से कहा कि आम आदमी से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। यदि प्रशासनिक स्तर पर कोई कठिनाई है तो उसका रास्ता निकाला जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की आय बढ़ाने के लिए समिति बनाकर विकल्प तलाशें क्योंकि जनहितैषी योजनाओं के लिए बजट की कमी न होनी चाहिए। मंत्रालय में उन्होंने सभी विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव और प्रमुख सचिवों से कहा कि बजट में जनहितैषी योजनाओं के लिए राशि की पर्याप्त व्यवस्था रहे, इसकी चिंता करें। विधानसभा क्षेत्र निर्वाचन निधि का उपयोग विधायक कर चुके हैं। अभी वित्तीय वर्ष समाप्त होने में तीन माह बाकी हैं। ऐसे में विधायक निधि के लिए कोई रास्ता निकाला जाए। आमजन को कोई कठिनाई न हो, यह हमारी प्राथमिकता है। इसकी पूर्ति के लिए विभागीय योजनाओं की समीक्षा करके समस्याओं को दूर करें।

## भार्गव बने प्रोटेम स्पीकर

इससे पहले आज सुबह भाजपा के वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव ने प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ ली। उन्हें राज्यपाल ने शपथ दिलाई,इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद थे। अब भार्गव विधानसभा में निर्वाचित विधायको को शपथ दिलाएंगे। इसके लिए सत्र 18 दिसंबर से होगा। भार्गव खुद दसवीं बार विधानसभा चुनाव जीते हैं और अब सदन में सबसे वरिष्ठ हैं।

## शिवराज ने बदला बायो, अब भाई व मामा



**भोपाल ।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने एक्स हैंडल पर बायो बदल दिया है। उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर अब भाई और मामा लिखा गया है। उल्लेखनीय है कि शिवराज ने एक बार फिर अपने इंटरनेट मीडिया बायो में बदलाव किया है। इससे पहले उन्होंने फार्मर चीफ मिनिस्टर आफ मध्य प्रदेश अपडेट किया था। शिवराज ने अपने एक्स हैंडल पर फार्मर चीफ मिनिस्टर आफ मध्य प्रदेश के पूर्व भाई और मामा शब्द जोड़ दिया है।उल्लेखनीय है कि कार्यवाहक मुख्यमंत्री के तौर पर अंतिम दिन कल शिवराज सिंह चौहान ने कहा था अब विदा लेता हूं। जस की तस रख दीनी चदरिया। नए मुख्यमंत्री के शपथ लेने के पहले शिवराज ने यह बात स्मार्ट सिटी पार्क में पौधारोपण के बाद कही थी।

## नेता के लिए कांग्रेस की मशक्कत शुरू



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी में कांग्रेस विधायक दल की बैठक।

मप्र कांग्रेस ने भी चुनाव में करारी हार के बाद खुद को व्यवस्थित करना शुरू कर दिया है। इस सिलसिले में आज पर्यवेक्षक बनकर रणदीप सुरजेवालां और जितेंद्र सिंह भोपाल पहुंचे और पार्टी दफ्तर में कांग्रेस विधायकों के साथ संगठन की नयी रचना,चुनाव में हार जीत तथा विधायक दल के नेता के लिये चर्चा की है। यह बैठक लंबी चली इसमें तय हुआ कि विधायक दल के नेता का नाम हाईकमान तय करेगा। विधायकों की राय के बाद पर्यवेक्षक व मप्र के प्रभारी महासचिव सुरेजवाला सभी निष्कर्ष से हाइकमान को अवगत कराएंगे तथा नेता के नाम का ऐलान दिल्ली से होगा। इस पद के लिये वरिष्ठता के आधार पर विधायक अजय सिंह,रामनिवास रावत,राजेंद्र सिंह व बाला बच्चन के नाम हैं, सूत्रों का कहना है कि अजय सिंह के पक्ष में कुछ विधायकों ने लाबिंग भी की है, तो रावत के नाम पर भी कई विधायक जुटे रहे,लेकिन हार के बाद हाइकमान के रुख को देखकर दावेदार और बाकी विधायक भी ज्यादा मुखर नहीं हैं। यह भी संभावना है कि हाइकमान किसी युवा विधायक को यह जिम्मेदारी सौंपे। इसमें ओंकर सिंह मरकाम से लेकर उमंग सिंघार तक का नाम उभरता है। खास बात यह है कि प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ भोपाल से दो दिन पहले बाहर चले गये हैं।

जानकार सूत्रों का कहना है कि मप्र में चुनावी हार से कांग्रेस हाइकमान मप्र के वरिष्ठ नेताअं से नाराज है। इसीलिये हार के कारणों पर दिल्ली में हुई बैठक में ही साफ संकेत दिया जा चुका है कि मप्र मे 'नये सिरे से कांग्रेस को पुनर्गठन करने की शुरूआत होगी। बताया जाता है कि प्रदेश अध्यक्ष पद पर भी चेहरा बदलने का विचार किया जा रहा है। इसके संकेत भी समीक्षा बैठक में दिये जा चुके हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव चार महीने बाद ही है,इसे लेकर हाइकमान तत्काल फैसले के बजाए हर पहलू पर विचार कर रहा है।





## पुलिस मुठभेड़ में मारा गया नक्सली



**बालाघाट।** नक्सल प्रभावित गढ़ी क्षेत्र से पुलिस और नक्सलियों के बीच एनकाउंटर में एक नक्सली के मारे जाने की खबर है। एनकाउंटर मंडला क्षेत्र के मोतीनाला क्षेत्र में हुआ है। मृत नक्सली का नाम चैतू बताया जा रहा है। हालांकि, मामले को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।बताते हैं कि मुठभेड़ के बाद आसपास के इलाके में सर्चिंग बढ़ा दी गई है। जानकारी के अनुसार, मुठभेड़ गुरुवार अलसुबह 5 बजे तब हुई जब मोतीनाला के पास कुछ नक्सली जरूरत का सामान ले जा रहे थे, तभी पुलिस के साथ उनका सामना हो गया। इस साल पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में पूर्व में तीन नक्सली मारे गए हैं। गुरुवार की ताजी घटना के साथ इस साल कुल चार नक्सलियों को पुलिस व सीआरपीएफ जवानों ने ढेर करने में सफलता प्राप्त की है।

## फंड घोटाले को लेकर 3 मंत्रियों ने दिया इस्तीफा



**टोक्यो।** जापान में राजनीतिक फंड घोटाले को लेकर सत्तारुढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के तीन मंत्रियों ने गुरुवार को अपने इस्तीफे दे दिए। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। सार्वजनिक प्रसारक एनएचके ने कहा कि अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्री यासुतोशी निशिमुरा, आंतरिक मामलों और संचार मंत्री जुनजी सुजुकी और कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन मंत्री इचिरो मियाशिता ने आज अपने इस्तीफे सौंप दिए। एलडीपी पार्टी हाल ही में आरोपों के बीच भारी जांच के दायरे में रही है कि उसका सबसे बड़ा गुट राजनीतिक फंडिंग रिपोर्ट में धन उगाहने वाले आयोजनों के राजस्व में करोड़ों येन की घोषणा करने में विफल रहा। इस गुट के कई प्रमुख कैबिनेट और एलडीपी नेताओं, सेइवा नीति अध्ययन समूह, जिसका नेतृत्व पहले दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने किया था, के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं।

# मोदी ने की बैठक, 7 कर्मचारी व सांसद सस्पेंड

**नई दिल्ली , एजेंसी।**



सुरक्षा हुई सख्त

लोकसभा में कल युवकों के घुस जाने व स्मोक कैन छोड़ने की सनसनीखेज घटना के बाद आज सुरक्षा चूक के चलते 7 कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इस गंभीर चूक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह बैठक बुलाई उन्होंने अफसरों व भाजपा सांसदों से भी बात की है। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा चीफा नड्डा समेत कई नेता मौजूद रहे। वहीं विपक्ष के नेता अधीररंजन चौधरी ने इस मामले में पीएम व गृहमंत्री के अब तक बयान नहीं आने पर आश्चर्य जताया है। इस मामले में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के कक्ष में भी विपक्षी नेताओं की बैठक हुई। उधर संसद में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मकर द्वार से केवल सांसदों को ही प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। भवन में प्रवेश करने वाले सभी व्यक्तियों के जूते उतरवाकर भी उनकी गहन जांच की जा रही है।

**सांसद सस्पेंड :** संसद में सुरक्षा चूक को लेकर विपक्ष अब सरकार पर हमलावर है आज विपक्ष के सांसद दोनों सदनों में हंगामा कर रहे हैं, इसके चलते दोनों सदनों की कार्यवाही दोपहर तक स्थगित कर दी गई है। वहीं राज्यसभा में हंगामा कर रहे टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन को सदन से सस्पेंड कर दिया गया है।

## आरोपियों से जारी पूछताछ:संसद में सेंध का साजिशकर्ता कोई और..!

**नई दिल्ली ।** संसद भवन में लोकसभा की कार्यवाही के दौरान सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले के बाद वहां की सुरक्षा व्यवस्था पर तमाम सवाल उठ रहे हैं। इस बीच दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने दावा किया है कि संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने का मुख्य साजिशकर्ता पकड़े गए आरोपियों के बजाय कोई और है। पुलिस की तरफ से फिलहाल इस मामले में जांच जारी है। बताया जा रहा है कि बुधवार की घटना को अंजाम देने से पहले ही आरोपियों ने संसद के बाहर रेकी की थी। इतना ही नहीं पुलिस का तो यह भी मानना है कि सभी आरोपी एक सोशल मीडिया पेज 'भगत सिंह फैन क्लब' से जुड़े थे। यह सभी आरोपी करीब डेढ़ साल पहले एक दूसरे से मैसूर में मिले थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी सागर जुलाई में लखनऊ से आया था, लेकिन संसद भवन में प्रवेश नहीं कर पाया था। इसके बाद, 10 दिसंबर को एक-एक करके सभी अपने-अपने राज्यों से दिल्ली पहुंचे। इसके बाद इंडिया गेट के पास एकत्र हुए, जहां सभी को रंगीन पटाखे दिए गए।

## फिर तूफानी तेजी में सेंसेक्स व निफ्टी

## अमेरिकी सिग्नल से झूमा शेयर बाजार

**मुबंई , एजेंसी।** इस सप्ताह के आज चौथे कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार में दमदार तेजी दिखी है। सोमवार को भी बाजार ने एतिहासिक ऊंचाई छुई थी। आज बेंचमार्क इंडेक्स नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 769.76 अंकों की तेजी के साथ 70,379.71 पर तो निफ्टी 210.21 अंक मजबूत होकर 21,136.55 के लेवल पर पहुंच गया। बाजार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में एक-एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त दिखी। माना जा रहा है कि अमेरिकी बैंक फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों पर नरम संकेत मिलने के बाद बाजार में यह मजबूती आई। शुरुआती कारोबार में रुपया 13 पैसे की मजबूती के साथ



83.27 रुपये पर पहुंच गया। खबरों के मुताबिक अमेरिकी शेयर बाजारों में उछाल के बीच भारतीय स्टॉक मार्केट में भी आज तेजी की उम्मीद पहले से जताई जा रही थी।

शेयर बाजार में आई इस तूफानी तेजी के पीछे अमेरिका से आई एक अच्छी खबर ही मानी जा रही है। अमेरिकी बैंक ने पॉलिसी रेट्स को स्थिर रखने का ऐलान किया है। यानी ब्याज दरों में किसी तरह की कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। ये लगातार तीसरी बार है जबकि ब्याज दर स्थिर रखी गई है।

**मेट्रो एंकर**

## शताब्दी पुरानी हवेली के लिए 1,446 करोड़ रुपये की कीमत चुकाएंगे

# वैक्सीन प्रिंस ने खरीदा लंदन में सबसे महंगा घर

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

भारत के अरबपति और वैक्सीन प्रिंस कहलाने वाले उद्योगपति ने हाल में लंदन में इस साल बिकने वाला घरों में सबसे महंगा घर खरीदा है। यह घर 25हजार वर्गफीट एरिया का है। हवेली जैसे इस आलीशान घर में कई खास चीजें हैं, जिसने इस अरबपति को आकर्षित किया है। खास बात यह है कि यह कोई नया घर नहीं है, बल्कि इसे 1920 के दशक में तैयार किया गया था और इसका नाम एबरकोनवे हाउस है। इस आलीशान घर को भारत के 'वैक्सीन प्रिंस' व सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला ने खरीदा है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, मेफेयर हवेली के लिए लगभग 138 मिलियन पाउंड (1,446 करोड़ रुपये) का भुगतान किया जाएगा। इस हवेली को पूनावाला परिवार की यूके बेस्ड सहायक कंपनी सीरम लाइफ साइंसेज संपत्ति का अधिग्रहण करेगी। यह घर लंदन में हाइड पार्क के पास है।

## अदार का भारत से है कोरोना कनेक्शन

अदार पूनावाला सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हैं, जो एक निजी परिवार के स्वामित्व वाला व्यवसाय है। इस कंपनी की स्थापना 1966 में उनके पिता डॉ. साइरस पूनावाला ने की थी। अदार ने लंदन में वेस्टमिंस्टर विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की है। 2001 में इन्होंने अपनी कंपनी ज्वाइंन की थी। इनके कंपनी में शामिल होने के बाद इन्होंने विदेशों में कंपनी के कारोबार को बढ़ाया था। तीन साल



पहले कोरोना की भारत में प्रचंड लहर के दौरान पुनावाला की कंपनी ने वैक्सीन का निर्माण करके लोगों को बड़ी राहत पहुंचाई थी। उस वक्त उनका नाम लगभग हर व्यक्ति जानने लगा था।

## 103 साल पुरानी हवेली पर फिदा

1920 के दशक की एबरकोनवे हाउस पोलैंड के सबसे अमीर शख्स दिवंगत बिजनेसमैन जान कुलजिक की बेटी डोमिनिका कुलजिक के नाम था। इस डील के साथ ही यह घर लंदन में बेचा गया दूसरा सबसे महंगा घर बन चुका है। लंदन में सबसे महंगे घर की बिक्री 2-8ए रटलैंड गेट थी, जिसे जनवरी 2020 में रिकॉर्ड तोड़ 210 मिलियन यूरो में बेचा गया था। हालांकि एबरकोनवे हाउस लंदन में इस साल बिकने वाला सबसे महंगा घर बन चुका है।

# माता- पिता के झगड़े में परेशान मासूम ने हेल्पलाइन पर कॉल कर मांगी मदद

## किशोरी बोली- मां को मेरे बीमार होने की बात बताई, पर उन्हें फर्क नहीं पड़ता

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माता-पिता के विवाद और छोटे भाई से नहीं मिल पाने के कारण डिप्रेशन में जा रही एक 16 वर्षीय किशोरी वंद्रेवाला फाउंडेशन की हेल्पलाइन पर कॉल कर मदद की गुहार लगाई है। किशोरी ने बताया कि वह गहरे अवसाद में है और आत्महत्या जैसे खयाल उसे परेशान कर रहे हैं। हालांकि काउंसलिंग के बाद किशोरी अब बेहतर है और स्टडीज पर भी फोकस कर पा रही है।

मामला राजधानी के कोटरा सुल्तानाबाद क्षेत्र का है। किशोरी ने कहा कि उसने छोटे भाई को आखिरी बार तब देखा था जब वह छह माह का था। तीन साल में मां से तो मुलाकात हुई लेकिन भाई से न वो मिल पाई और न ही उसके पिता। तीन वर्ष पहले पिता से विवाद के बाद मां गुस्से में बच्चे को साथ लेकर मायके चली गई थी।



### छह माह में पहुंचे 14 मामले

फाउंडेशन से मिली जानकारी के मुताबिक मामला कोर्ट में है। किशोरी की काउंसलिंग की जा रही है। बता दें बीते छह माह में मप्र से 11 और भोपाल से तीन टीनएजर्स ने माता- पिता के झग?ों के कारण अवसाद में आने पर फाउंडेशन की हेल्पलाइन से मदद ली है।

### हम भाई-बहन एक-दूसरे से बिछड़ गए-

किशोरी ने हेल्पलाइन पर कहा - हम भाई-बहन एक-दूसरे से बिछड़ गए हैं। मुझे मां की भी याद आती है। मैं हमेशा बीमार रहती हूं। मैं और पापा नानी के घर जाते हैं तो हमें अंदर नहीं जाने देते। वहीं आए दिन नानी और मामा हमारे घर आकर झगड़ा करते हैं और प्रॉपर्टी मां के नाम करने को कहते हैं। मां को मेरे बीमार होने की बात मैंने कई बार फोन पर बताई, लेकिन उन्हें फर्क नहीं पड़ता। इधर, पिता भी तनाव में रहकर गुस्सा करने लगे हैं। मैं हर तरफ से मानसिक प्रताड़ना झेल रही हूं। समझ नहीं आ रहा क्या करूं।

### शाकाहारी वन्यजीवों की कमी का नतीजा

# भोपाल के नजदीक पहुंच रहे हैं रातापानी के बाघ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी से सटे जंगल में एक बार फिर बाघों का मूवमेंट बढ़ गया है। ये कलियासोत, केरवा, मंडोरा, बुल मदर फार्म, 13 शटर गेट, वाल्मी पहाड़ी क्षेत्रों में देखे जा रहे हैं। इनमें भोपाल के नजदीक घूमने वाले बाघ तो है ही, लेकिन रातापानी वन्यजीव अभयारण्य से भी अलग–अलग बाघ शिकार की तलाश में पहुंच रहे हैं। वन विभाग की पगमार्क रिपोर्ट के अनुसार नए–नए बाघ आ रहे हैं।

असल में शहर से सटे इन वन क्षेत्रों में मवेशियों की अच्छी खासी संख्या रहती है, शहरी सुअर भी इन क्षेत्रों में घूमते है जो बाघों के लिए शिकार का आसान साधन बन रहे हैं।

वन विभाग के अधिकारियों का कहना है जो बाघ रातापानी से आते हैं वे ज्यादा समय समय तक नहीं रहते, बल्कि कुछ घंटे या एक दिन के अंदर लौट जाते हैं लेकिन बाघिन टी–123 और उसके शावकों का स्थाई मूवमेंट है। इन्होंने केरवा, कलियासोत, मंडोरा, बुल मदर फार्म, केरवा पहाड़ी, चीचली, वाल्मी पहाड़ी के जंगल को स्थाई ठिकाना बना लिया है।



### तार फेंसिंग अधूरी

इधर बाघों को आबादी तक आने से रोकने के लिए तार फेंसिंग की गई है जो कई स्थानों से टूट गई है और कुछ स्थान ऐसे हैं जहां यह काम पूरा ही नहीं हुआ है। जिसके कारण आने वाले दिनों में बाघों के आबादी तक पहुंचने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।



### ई–सर्विलांस टॉवर का विस्तार नहीं

बाघों के मूवमेंट पर नजर रखने के लिए केरवा चौकी परिसर में ई–सर्विलांस टावर लगाया है, जो काफी पुराना है, इसके जरिए की जाने वाली निगरानी क्षमता 14 किलोमीटर की दूरी तक है लेकिन पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यह टावर भोपाल के कलियासोत, संस्कार वैली, बुल मदर फार्म, 13 शटर गेट, वाल्मी पहाड़ी क्षेत्रों में आने वाले बाघों पर नजर नहीं रख पाता। इन बाघों के कभी भी आबादी के अंदर दाखिल होने की चिंता हमेशा बनी रहती है, क्योंकि तार फेंसिंग पर्याप्त नहीं है। इसके लिए अलग टावर की जरूरत है जिस पर कोई बात आगे नहीं बढ़ रही है। भोपाल डीएफओ समेत अन्य अधिकारी कह चुके हैं कि इसमें बड़ा खर्च आना है, जब तक राशि नहीं मिल जाती, यह संभव नहीं है।

### मप्र मानव अधिकार आयोग

# 1463 में से 388 सरकारी कैमरे बंद पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश



### आयोग ने भोपाल के 6 मामलों में लिया संज्ञान, अधिकारियों से रिपोर्ट भी तलब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए गए 1463 में से 388 सरकारी कैमरे बंद होने का मामला अब मप्र मानव अधिकार आयोग तक पहुंचा है। मामले में आयोग ने संज्ञान लेते हुए पुलिस कमिश्नर से प्रकरण की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही के संबंध में तीन सप्ताह के भीतर जवाब भी मांगा है।

मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी के संज्ञान में आया है कि शहर के वीआईपी क्षेत्र राजभवन, विधानसभा रोड़ एवं एयरपोर्ट रोड़, शिवाजी नगर, वीआईपी रोड़, पॉलिटेक्निक चैराहा, कमला पार्क एवं लालघाटी जैसे अति सुरक्षित इलाकों में 1463 सरकारी कैमरों में से 388 कैमरे बंद है। इन सरकारी कैमरों की सही से मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही है। इन्हीं बंद कैमरों के बीच हाल ही में विधानसभा चुनाव, उसकी मतगणना एवं कई वीवीआईपी के दौरे भी हो चुके हैं।

### इन मामलों में भी मांगा जवाब

आयोग ने शहर के 5 अन्य मामलों में भी संज्ञान लिया है। आयोग ने हमीदिया अस्पताल में ब्लॉक-1 में लिफ्ट बंद होने से मरीजों के परेशान होने के मामले में अस्पताल अधीक्षक को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने कोलार क्षेत्र में ललिता नगर बस स्टॉप के बिजली खंभे पर एक निजी कपंनी का कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरणों के ही केबल ठीक करने के लिये खंभे पर चढ़ने के मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने सीएमडी, म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण क.लि. भोपाल से जांच कराकर कर्मचारियों को सुरक्षा के लिये किये गये आवश्यक उपायों के संबंध में तथा त्रुटिकर्ता अधिकारी के विरूद्ध की गई कार्यवाही के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। चूनाभट्टी इलाके में रहने वाले रिटायर्ड आईएएस प्रभुाश कमल के घर पर लिफ्ट इंस्टाल करते समय दो क्विंटल वजनी लिफ्ट नीचे खड़े 38 वर्षीय राजकुमार गुर्जर मैकेनिक के ऊपर गिरने से मैकेनिक की मौके मौत और शहर के एमपी नगर स्थित शिवाजी नगर चैराहा पर बीते कई दिनों में हुये हादसों की मुख्य वजह ओवर स्पीड और ऊंचे-ऊंचे ब्रेकर होने के मामले में संज्ञान लिया है।

## दैनिक उपयोग में ऊर्जा संरक्षण की शपथ ली छात्राओं ने



**हिरदाराम नगर।** संत गर्ल्स कॉलेज के गणित विभाग एवं भौतिक विज्ञान विभाग ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया। इस अवसर पर कॉलेज की छात्रा आयुषी चतुर्वेदी ने ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाने के उद्देश्य, ऊर्जा संरक्षण का व्यवहारिक रूप, ऊर्जा संरक्षण के गैर नवीकरणीय संसाधनों के स्थान पर नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों के उपयोग, ऊर्जा के सीमित उपयोग के विषय में विस्तृत व्याखान दिया। इसके साथ ही कॉलेज में उपस्थित सभी छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपने दैनिक जीवन में ऊर्जा संरक्षण के लिए संकल्प लिया। महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को ब?ावा देने, ऊर्जा की खपत कम करने तथा इसका कुशलतापूर्वक उपयोग करने के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

## भोपाल बाइसिकल राइडर्स ग्रुप ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**भोपाल।** संसद भवन पर हमले के शहीदों को श्रध्दांजलि के लिए बीबीआरजी ग्रुप के राइडर्स 40 किमी साइकिलिंग करके शौर्य स्मारक पहुंचे। पराक्रमी जवानों ने आतंक को मुंहतोड़ जवाब देते हुए देश की संसद पर हुए कायरतापूर्ण हमले को विफल कर दिया था।

### स्कूल शिक्षा

# आज से दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'अनुगूंज' 2023 शुरू

### सरकारी स्कूलों के 700 विद्यार्थी अपनी कला का करेंगे प्रदर्शन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुगूँज का आयोजन आगामी 14 और 15 दिसम्बर को किया जा रहा है। अनुगूंज का यह आयोजन शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय, भोपाल में किया जा रहा है, जिसमें शासकीय विद्यालयों के लगभग 700 से विद्यार्थी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।



वर्ड क्लासिक्स की केन्द्रीय थीम से सजे अनुगूंज का यह पांचवा आयोजन है। कार्यक्रम के पहले दिन अनुगूंज के धनक भाग में वाद्यवृन्द , गीत संगीत की जुगलबंदी, भारत के विविध शास्त्रीय नृत्य, फ्यूजन और पश्चिमी नृत्य आदि प्रस्तुतियां होंगी। वहीं दूसरे दिन श्रंगकारश् के अंतर्गत छाऊ शैली में नृत्य नाटिका, और नाट्य प्रस्तुति के साथ ही बैंड की प्रस्तुति भी विद्यार्थियों द्वारा दी जाएगी। अनुगूंज के सृजन भाग में माटीकला कार्यशाला, फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी कार्यशाला, एंकर कार्यशाला और चित्रकला कार्यशालाओं में अपने हुनर को तराशते विद्यार्थियों की सहज अभिव्यक्ति और उनकी कलात्मक अभिरूचियों से एक प्रदर्शनी में सजाया गया है।

### लोग उठा रहे मौसम का लुत्फ



राजधानी में आए दिन मौसम में बदलाव के चलते सुबह से शाम तक आसमान में कभी बादल छाए तो कभी धूप निकली। ऐसे में दोपहर के वक्त नजारा अलग ही रहा। जिसका लोगों ने लुत्फ उठाया।

### मेट्रो एंकर

### साधु वासवानी स्कूल प्रबंधन ने दी बधाई

# भारत जानो प्रतियोगिता में अभिषेक, हर्ष ने बाजी मारी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल के विद्यार्थियों ने सेन्ट्रल रीजन भारत को जानो प्रतियोगिता में भाग लिया, इस प्रतियोगिता में अभिषेक बघेल एवं हर्ष यादव ने बाजी मारी।

शिक्षाविद् विष्णु गेहानी, उप प्राचार्या स्वाति कलवानी ने कामयाबी पर बधाई दी। भारत को जानो प्रतियोगिता भोपाल स्तर पर आयोजित की गई थी, इसमें 8 स्कूलों ने भाग लिया था। साधु वासवानी स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रांत स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। आज भी इन विद्यार्थियों ने एक बार फिर से रीजन स्तर पर तृतीय स्थान हासिल किया। तत्पश्चात भारत को जानो प्रतियोगिता प्रांत स्तरीय पर शाखा धार में भी आयोजित की गई थी, जिसमें प्रांत स्तरीय पर भी साधु वासवानी स्कूल के विद्यार्थियों ने फिर से बाजी मारकर ट्रॉफी हासिल की। 10 दिसंबर को सेन्ट्रल रीजन स्तर पर जबलपुर में एक बार फिर से भारत को जानो प्रतियोगिता हुई, जिसमें छात्र अभिषेक बघेल एवं छात्र हर्ष यादव ने प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में भाग लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों को उप प्राचार्या स्वाति कलवानी, दीपा आहूजा, रचना राजपूत एवं रजनी सावलानी व साधु वासवानी स्कूल के स्टॉफ ने बधाई दी।



**माशिमं की दसवीं बारहवीं की परीक्षाएं**

# बैंकों की ग्रामीण स्तरों के परीक्षा केंद्रों में पहुंच नहीं, इसलिए अब थानों में ही रखे जाएंगे पेपर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं- बारहवीं की परीक्षाएं पांच फरवरी से शुरू होंगी। इसको लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसके साथ ही अब माशिमं ने बैंको में पेपर रखे जाने के विचार को बदल लिया है। अब माशिमं के प्रश्न-पत्र थानों में ही रखे जाने का निर्णय लिया गया है। प्रश्न-पत्रों का वितरण समन्वयक संस्था से थानों व परीक्षा केंद्रों तक किए जाने की व्यवस्था पूर्ववत ही रहेगी। उल्लेखनीय है कि माशिमं की दसवीं-बाहरवीं की परीक्षाओं में इस साल करीब 19 लाख छात्र-छात्राएं शामिल होने की संभावना है। मंडल की पूर्व में आयोजित कार्यपालिका समिति की बैठक में बैंकों में प्रश्न-पत्र का प्रस्ताव भी आया था। मंडल ने इस दिशा में काम भी शुरू कर दिए थे। लेकिन बैकों की ग्रामीण स्तरों के परीक्षा केंद्रों में पहुंच नहीं होने के कारण इस प्रस्ताव को कैंसिल कर दिया है।

## कलेक्टर प्रतिनिधि की मोबाइल एप से हाजिरी

कलेक्टर प्रतिनिधि की मोबाइल एप से हाजिरी लगेगी। जानकारों की माने तो थानों से केंद्राध्यक्ष व कलेक्टर प्रतिनिधि द्वारा संयुक्त रूप से प्रश्न- पत्रों को निकाले जाने का प्रावधान है। लेकिन कलेक्टर प्रतिनिधि थानों में नहीं पहुंचते थे। इसे देखते हुए मंडल द्वारा इस बार कलेक्टर प्रतिनिधि के लिए मोबाइल एप से हाजिरी अनिवार्य की जा रही है। कलेक्टर प्रतिनिधि नहीं पहुंचते हैं, तो उनके खिलाफ कलेक्टर के माध्यम से सख्त कार्रवाई का प्रावधान किया जाएगा।

## मोबाइल के पूर्णतः प्रतिबंध का सख्ती से पालन

वर्ष 2022-23 की आयोजित दसवीं-बारहवीं की परीक्षा के प्रश्न- पत्र सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए थे। इसे देखते हुए मंडल ने इस बार बदलाव किया है। बोर्ड परीक्षाओं में मोबाइल के पूर्णतः प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराया जाएगा। किसी पास मोबाइल पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही का प्रावधान किया जा रहा है। यह निर्णय वार्षिक परीक्षा में प्रश्न-पत्रों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए माशिमं ने लिया है।




### नयी सरकार में नये सिरे से आवास व गाड़ियों की तैयारी

# सीएम हाउस छोड़ने की तैयारी में शिवराज, पूर्व मंत्रियों के आवास पर फैसला करेंगे यादव




**भोपाल, दोपहर मेट्रो। मध्यप्रदेश में सरकार के बदलने के साथ ही अब पूर्व सीएम हो चुके शिवराज सिंह चौहान 74 बंगला क्षेत्र के अपने सरकारी आवास में शिफ्ट होने की तैयारी में हैं। माना जा रहा है कि वह इस सप्ताह ही सीएम हाउस छोड़ देंगे। बताया जाता है कि उन्होंने चौहत्तर बंगले स्थित मुख्यमंत्री एनेक्सी पहुंचकर तमाम व्यवस्थाएं देखी हैं। नए मुख्यमंत्री डा मोहन यादव इसी महीने सीएम हाउस में रहने पहुंच सकते हैं। उनके लिये पालिटेक्निक के समीप वाले विश्राम गृह को भी आरक्षित किया गया है। उन्होंने रात्रि विश्राम वीआइपी विश्रामगृह में किया था। उधर, शिवराज मंत्रिमंडल के मंत्रियों ने अपने-अपने सरकारी वाहन स्टेट गैराज को लौटा दिए हैं, जिन्हें अब नए मंत्रियों को आवंटित किया जाएगा।**

उल्लेखनीय है कि मप्र के मुख्यमंत्री के लिए श्यामला हिल्स में आवास है। डा. मोहन यादव को यहां पहुंचने में अभी समय लग सकता है। इसके पहले शिवराज सिंह चौहान यहां से चौहत्तर बंगले स्थित बी-आठ आवास में रहने जाएंगे। यह आवास उन्हें करीब बीस साल पहले सांसद रहते आवंटित हुआ था। 2018 में विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिली हार के बाद वह यहीं रहे थे। लोक निर्माण विभाग ने इसमें आवश्यकता के अनुसार काम भी कराया है। वहीं राज्य के नए मंत्रियों के लिए गृह विभाग ने विधानसभा चुनाव हारने वाले और चुनाव न लड़ने वाले मंत्रियों को आवंटित आवासों की सूची तैयार कर ली है। इसे मंत्रिमंडल के गठन के बाद अनुमोदन के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। इस बार भाजपा ने यशोधरा राजे सिंधिया और ओपीएस भदौरिया को चुनाव नहीं लड़ाया था। उधर, नए मंत्रियों के लिए गृह विभाग ने वाहनों की व्यवस्था भी कर ली है। शिवराज मंत्रिमंडल के जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल को छोड़कर सभी मंत्रियों ने स्टेट गैराज को वाहन लौटा दिए।

### ये मंत्री चुनाव हारे

डा. नरोत्तम मिश्रा, कमल पटेल, अरविंद भदौरिया, महेंद्र सिंह सिसोदिया, गौरीशंकर बिसेन, राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, सुरेश धाकड़, रामखेलावन पटेल, राहुल सिंह लोधी, भारत सिंह कुशवाह, राम किशोर कावरे और प्रेम सिंह पटेल। जानकार बताते हैं कि अब मुख्यमंत्री पर निर्भर होगा कि इनके आवास पर क्या फैसला होगा। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की पंद्रह महीने की सरकार में मिश्रा समेत कुछ नेता बतौर विधायक अपना मंत्रीस्तर वाला आवास बचाने में कामयाब रहे थे।

### एक्शन में हैं नये सीएम



इधर, कल शपथ लेने के बाद से नये मुख्यमंत्री मोहन यादव एक्शन में नजर आ रहे हैं। उन्होंने कल शपथ के बाद सात घंटे के अंदर ही सात बड़े और कड़े निर्णय किये हैं। उन्होंने शपथ के बाद सीधे उज्जैन में महाकाल मंदिर का रुख किया, वहां दर्शन के बाद देर शाम मुख्यमंत्री पद का विधिवत पदभार ग्रहण करके उन्होंने कैबिनेट बैठक की। इसमें सबसे बड़ा आदेश यह दिया कि अब तेज आवाज वाले लाउडस्पीकर से न तो किसी धार्मिक स्थल से अजान की जा सकेगी, न ही भजन किया जा सकेगा। इसके लिए उड़नदस्ते बनाकर अभियान चलाया जाएगा। अपने दूसरे कड़े आदेश में प्रदेश भर में कहीं भी बिना अनुमति मांस और मछली की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाने को कहा है। 15 दिनों में अभियान चलाकर ऐसी दुकानों को बंद कराया जाएगा। धर्म स्थलों से भी नजदीक मांस बेचना प्रतिबंधित होगा। सभी जिलों के कलेक्टर तत्काल कार्रवाई आरंभ करेंगे तथा मुख्यसचिव वीरा राणा प्रतिदिन इसकी समीक्षा करेंगी।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हुए दो साल पूरे

# अब तैयार होगा थर्ड ईयर का कोर्स



## नए सत्र में पंजीयन बढ़ाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने कवायत तेज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और सरकारी कॉलेजों में नए सत्र में पंजीयन बढ़ाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने कवायत तेज कर दी है। सोमवार से शुरू हुए कॉलेज चलो अभियान में कॉलेजों में एडमिशन की प्रक्रिया पर फोकस करने के साथ ही स्टूडेंट्स को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में समझाने के निर्देश भी दिए गए हैं। इधर, उच्च शिक्षा विभाग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हुए दो साल पूरे हो चुके हैं। नए सत्र से थर्ड ईयर का कोर्स तैयार करने की दिशा में काम शुरू हो गया है।

**पिछले दिनों हुई थी बैठक:** पिछले दिनों हुई बैठक में प्रदेश भर के एनआईसी से सरकारी विवि के कुलसचिव, कॉलेजों के प्राचार्य और विभागीय अधिकारी अपने-अपने केंद्र पर एकित्रत होकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। सभी विवि से परीक्षा परिणाम, यूजी-पीजी प्रथम सेमेस्टर के नामांकन शुल्क, स्वयं पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन और शिक्षण, विद्यार्थियों के ऑनलाइन प्रमोशन की समीक्षा, नैक मूल्यांकन की समीक्षा, पेंशन ऑडिट और अनुदान पर चर्चा हुई। इस दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया था। इसके अलावा प्रदेश भर के कॉलेजों में एडमिशन का आंकड़ा बढ़ाने के लिए स्कूलों में अभी से कॉलेज चलो अभियान चलाने को कहा गया था।

## भोज में सेकंड ईयर और थर्ड ईयर में एडमिशन 15 तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




मध्य प्रदेश भोज (मुक्त) विश्व विद्यालय ने अब तक प्रथम वर्ष में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू नहीं की है। ऐसे में यदि विवि जल्द प्रवेश प्रक्रिया शुरू नहीं करता है, तो शून्य ईयर की स्थिति बन सकती है। हालांकि विवि ने यूजी सेकंड ईयर और थर्ड ईयर में एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऐसे छात्र जिन्होंने फर्स्ट ईयर की परीक्षा दी थी वे सफल होने पर सेकंड ईयर के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी तरह जो छात्र सेकंड ईयर में पास हो गए हैं, वे थर्ड ईयर के लिए आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की आखिरी तारीख 15 दिसंबर है। विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-24 के लिए डिप्लोमा और सर्टीफिकेट कोर्सेस में एडमिशन के लिए भी लिंक ओपन कर रखी है।

**मेट्रो एंकर**

### चुनाव ड्यूटी में दिवंगत कर्मचारियों का मामला

# पांच लाख नहीं एक करोड़ की आर्थिक सहायता मांगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विधानसभा चुनाव 2023 की ड्यूटी के दौरान दिवंगत हुए शासकीय कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग ने प्रति कर्मचारी 15 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है । वहीं इस निर्णय का विरोधा भी शुरू हो गया है। मप्र कर्मचारी मंच ने निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर मांग कहा है कि चुनाव ड्यूटी के दौरान दिवंगत हुए कर्मचारियों को 15 लाख के स्थान पर एक करोड रुपए प्रति कर्मचारी आर्थिक सहायता दी जाए। मंच ने कहा है कि चुनाव ड्यूटी के दौरान शासकीय कर्मचारी शालिगराम नागवंशी जबलपुर जरनैल सिंह टीकमगढ़ बी श्याम कुमार सिवनी प्रवीण तावड़े खंडवा नरेंद्र राम रायसेन भूपत सिंह मरावी मंडला भीमराव पाटनकर बैतूल हरी बाबू रघुवंशी रायसेन युवराज ठाकरे जबलपुर तालार दरी दमोह विनोद शर्मा चंचलेश अहिरवार छिंदवाड़ा कन्हैयालाल गुरोदिया सीहोर की मृत्यु हो गई थी लेकिन सरकार एवं



निर्वाचन आयोग ने चुनाव संपन्न होने के 23 दिन बाद भी किसी प्रकार की आर्थिक सहायता चुनाव ड्यूटी में दिवंगत हुए कर्मचारियों के परिवार को नहीं दी। मंच ने कहा कि अब 23 दिन बाद संगठन की मांग पर निर्वाचन आयोग ने मात्र 15 लाख प्रत्येक दिवंगत कर्मचारियों के परिवार को आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है यह न्यायोचित नहीं है क्योंकि पुलिस विभाग में ड्यूटी के दौरान दिवंगत होने पर पुलिस कर्मचारी के परिवार को एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है तथा वन विभाग में ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर वन कर्मचारी के परिवार को 25 लख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है।

बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो
अपने कारोबार-उत्पाद को आगे बढ़ाएं दोपहर मेट्रो के साथ



विज्ञापनों के लिए संपर्क करें
प्रधान कार्यालय 182 - ए शाहपुरा (मनीषा मार्केट के पास) भोपाल
फोन नं.- 0755-4917524, 0755-2972022

**सुविचार**

शब्द ही खुशी
शब्द ही गम,
शब्द ही
परेशानी शब्द
ही सुलझन।

- अज्ञात

## संपादकीय

# नए चेहरों की रिवायत

भाजपा हाइकमान द्वारा हाल में जीते तीन राज्यों में जिस तरह मुख्यमंत्री तय किये जा रहे हैं, वह चौंका रहे हैं। भाजपा अपने प्रयोगों के जरिये नया नेतृत्व गढने की कोशिश में है। हाल में राजस्थान में मुख्यमंत्री का नाम घोषित होने के बाद पता चलता है कि वह पुराने पैमानों को तोड़कर नये गढने की भी कोशिश में है। क्योंकि अनुमान तो यह थे कि वहां वरिष्ठ नेताओं में से किसी को कमान सौंपी जाएगी, मगर हुआ इसके ठीक उलट। पहली बार विधायक चुने गए भजन लाल शर्मा को चुन लिया गया। यही चौंकाने वाले निर्णय मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी हुआ। मध्यप्रदेश में कई नामों को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं क्योंकि भाजपा की विजय के पीछे शिवराज सिंह चौहान के कामकाज और योजनाओं का बड़ा हाथ माना जा रहा था। केंद्र से मंत्री पद छोड़ कर गए नेताओं में से किसी को पुरस्कृत करने की भी चर्चा चल रही थी। मगर वहां मोहन यादव को सूबे की जिम्मेदारी सौंप कर भाजपा ने सबको चौंका दिया। छत्तीसगढ़ में हालांकि विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल माना जा रहा था, इसलिए उनके चुनाव पर लोगों को उतनी हैरानी नहीं हुई। मगर राजस्थान और मध्यप्रदेश की कमान बिल्कुल अल्पज्ञात नेताओं को सौंप कर भाजपा नेतृत्व ने लोगों को चकित कर रखा है। इससे पहले भी गुजरात, उत्तराखंड, हरियाणा आदि राज्यों में भाजपा इसी तरह के साहसिक और चौंकाने वाले फैसले कर चुकी है।आमतौर पर राजनीतिक दल नेताओं की वरिष्ठता और अनुभव आदि को ध्यान में रख कर मुख्यमंत्री, मंत्री और अन्य पदों पर उनकी नियुक्तियों का फैसला करते हैं। मगर भाजपा इस फार्मूले पर नहीं चलती। उसके लिए संगठन सर्वोपरि है। जो संगठन के लिए निष्ठावान कार्यकर्ता की तरह काम करता है, उसे पुरस्कृत किया जाता है। संगठन में खेमेबंदी करने वालों को प्राय- किनारे कर दिया जाता है। राजस्थान में वसुंधरा राजे ने मान लिया था कि उनकी अगुआई के बिना भाजपा का चुनाव जीतना मुश्किल होगा। फिर केंद्रीय नेतृत्व के साथ उनके रिश्ते भी मधुर नहीं थे। मगर जब राजस्थान में भाजपा चुनाव जीत गई, तो उन्होंने अपने खेमे के नेताओं की लामबंदी शुरू कर दी और इस तरह दबाव बनाने का प्रयास किया कि मुख्यमंत्री का पद उन्हें ही मिलना चाहिए। मगर भाजपा ने भजनलाल शर्मा को आगे करके स्पष्ट संदेश दे दिया है कि खेमेबंदी करने वालों की संगठन में कोई अहमियत नहीं है। हालांकि उसे राजस्थान में राजे को मनाने के लिये कई पापड भी बेलने पड़े। मगर मप्र में ऐसा कुछ नहीं हुआ। शिवराज सिंह चौहान ने चुपचाप हाइकमान का फैसला मंजूर कर लिया। जबकि यही माना जा रहा था कि उनका कोई विकल्प नहीं हो सकता। छत्तीसगढ़ रमन सिंह अपने पुराने कार्यकाल के दागों से मुक्त नहीं थे, इसलिए उनकी दावेदारी वहां थी ही नहीं। भाजपा ने इन तीनों राज्यों में बिना किसी मुख्यमंत्री के चेहरे के चुनाव लड़ा था। मध्यप्रदेश में जरूर उसकी सरकार थी, मगर शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया था। इस तरह पहले से तय था कि वहां नेतृत्व परिवर्तन होगा। नए चेहरे को आगे करने का फायदा यह भी मिलता है कि पहले के नेतृत्व के साथ जो कुछ अनियमितताएं, खराब नीतियां और फैसले जुड़े होते हैं, वे हाशिये पर चली जाती हैं। लोग नए चेहरे से नई उम्मीदें पालना शुरू कर देते हैं। इस तरह पुराने दाग-धब्बे धुंधले पड़ने लगते हैं। उत्तराखंड और गुजरात में नेतृत्व परिवर्तन कर भाजपा ने इसका लाभ उठाया भी है। सबसे बड़ी बात जो महत्वपूर्ण है कि ऐसे ही निर्णय लेकर भाजपा दूसरे राजनीतिक दलों से खुद को अलग खड़ी कर पाती है।

## कविता

### ना चलती अब मर्ज़ी !



- कृष्णेन्द्र राय

था पहले चौंकाया ।
आगे भी चौंकाना ।।
दे रहे हैं लिख कर ।
मौसम है सुहाना ।।
खेद और नाराज़गी का ।
अंत है हो जाना ।।
ना करनी है कार्रवाई ।
गाना आगे गाना ।।
शह और मात तो ।
हर पल चलने वाला ।।
ना चलती अब मर्ज़ी ।
अंदाज़ हुआ निराला ।।
मिट गया है संशय ।
हुई दुविधा दूर ।।
भले लगी हो देर ।
मंथन पर भरपूर ।।

## आज का इतिहास

- 2008 - भारत ने अर्जेन्टीना के ख़िलाफ़ अंडर-21 हॉकी टेस्ट सीरीज के आख़िरी मैच 4-4 से ड्रा खेला।
- 2007 - बाली समझौते के प्रारूप से विवादित प्रावधान अलग किये गए।
- **उत्तर** और दक्षिण कोरिया के मध्य 50 वर्ष बाद रेल सेवा पुन- प्रारम्भ।
- 2003 - अमेरिकी गठबंधन सैनिकों ने इराक के पूर्व राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को तिकरित में गिरफ़्तार किया।
- **मैक्सिको** के मेरिदा में पहले भ्रष्टाचार निरोधक समझौते पर 73 देशों ने हस्ताक्षर किये।
- 2002 - पाकिस्तान ने दक्षिण अफ़्रीका को हराकर नेत्रहीनों का विश्वकप जीता।
- 2000 - जार्ज डब्ल्यू बुश अमेरिका के 43 वें राष्ट्रपति निर्वाचित।
- 1998 - 23वें काहिरा अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म समारोह में तमिल फ़िल्म 'टेररिस्ट' में सर्वश्रेष्ठ भूमिका के लिए आयशा धारकर को ज्यूरी का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया गया।
- 1997 - ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के लिए विश्व के सभी देश सहमत।
- 1995 - बोस्निया, सर्बिया और क्रोएशिया के नेताओं ने पेरिस में डेटन संधि पर हस्ताक्षर करके साढ़े तीन साल से जारी बाल्कन युद्ध को समाप्त किया था।
- 1983 - जनरल एच.एम. इरशाद ने खुद को बंगलादेश का राष्ट्रपति घोषित किया।
- 1982 - ब्रिटिश उपनिवेश जिब्राल्टर एवं स्पेन के बीच स्थित विशाल ग्रीन गेट 13 वर्षों के बाद पुन- खोला गया।
- 1946 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।
- 1921 - एनी बेसेंट को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय ने %डॉक्टर ऑफ़ लेटर्स की उपाधि से विभूषित किया।
- 1911 - अमुंडसेन की दक्षिणी ध्रुव की यात्रा।
- 1687 - ईस्ट इंडिया कंपनी ने मद्रास ( भारत ) में नगर निगम बनाया।
- 2000 - दीक्षा डागर - भारत उभरती हुई गोल्फ़ खिलाड़ी हैं।

# जरूरतों के दीर्घकालीन समाधान को मिले गारंटी

**प्रमोद जोशी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बातचीत करने के बाद कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजों ने साफ कर दिया कि मोदी की गारंटी में दम है। गारंटी से उनका आशय उस भरोसे से है, जो उनकी कार्यशैली से जुड़ा है। सिद्धांततः वे लोकलुभावन राजनीति के विरोधी हैं। पिछले साल एक सभा में उन्होंने कहा था कि लोकलुभावन राजनीति के नाम पर मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की संस्कृति पर रोक लगनी चाहिए। वे यह बात गुजरात के चुनाव के संदर्भ में कह रहे थे, जहां आम आदमी पार्टी भी प्रवेश पाने की कोशिश कर रही थी।

इसी रविवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक कार्यक्रम में कहा कि समाज में जिस तथाकथित मुफ्त उपहार की 'अंधी दौड़' देखने को मिल रही है, उसकी राजनीति खर्च करने संबंधी प्राथमिकताओं को विकृत कर देती है। बहरहाल, इन दिनों गारंटी शब्द इतना लोकप्रिय हो रहा है कि इस बार भाजपा ने छत्तीसगढ़ के लिए अपने घोषणापत्र को 'मोदी की गारंटी' नाम दिया। मध्य प्रदेश में बीजेपी की जीत के पीछे 'लाड़ली बहना' योजना का हाथ बताया जा रहा है। इस योजना के तहत मध्य प्रदेश सरकार महिलाओं को हर महीने 1,250 रुपये देती है।मोदी की भाजपा ने ही नहीं, हाल ही में हुए चुनावों में कांग्रेस ने चार राज्यों में और तेलंगाना में बीआरएस ने भी गारंटियों की झड़ी लगा दी। इन वादों में एलपीजी सिलेंडर रिफिल पर भारी सब्सिडी, स्त्रियों को हर महीने धनराशि वगैरह-वगैरह शामिल हैं। इस साल मई में हुए कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस को मिली सफलता के पीछे 'पांच गारंटियों' की बड़ी भूमिका थी। पार्टी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में गृह ज्योति, गृह लक्ष्मी, अन्न भाग्य, युवा निधि एवं शक्ति की पांच गारंटियां दी थीं। गृह ज्योति के तहत 200 यूनिट निःशुल्क बिजली, गृह लक्ष्मी में परिवार की मुखिया को दो हजार रुपये, अन्न भाग्य में दस किलोग्राम अनाज, युवा निधि में बेरोजगार स्नातकों को तीन हजार और डिप्लोमाधारियों को डेढ़ हजार रुपये महीने, शक्ति योजना के तहत महिलाओं को राज्यभर में सरकारी बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा की गारंटी थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले पांच वर्षों के लिए 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने की घोषणा करके 'पोस्टडेटेड' गारंटी दी है, यह मानते हुए कि 2024 में सरकार उनकी ही आएगी। यह योजना पहली बार अप्रैल, 2020 में महामारी के दौरान तीन महीने के लिए शुरू की गई थी। फिर इसे छोटी-छोटी अवधियों के लिए बढ़ाया गया। अब इसे एकमुश्त पांच साल के लिए बढ़ाने से एक बात की पुष्टि हुई है कि ये गारंटियां चुनावी सफलता की गारंटी हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में देश के 20 फीसदी निर्धनतम? परिवारों के लिए 72,000 रुपये की सालाना आय की गारंटी 'न्याय' ( न्यूनतम आय योजना ) लागू करने का वादा किया था।




आप कह सकते हैं कि इन गारंटियों में हर्ज ही क्या है? जनता का पैसा कल्याणकारी योजनाओं पर ही तो लग रहा है। हाल ही के वर्षों में केंद्र और राज्यों के राजस्व में काफी वृद्धि हुई है। फिर भी उनके पास इतने संसाधन नहीं हैं कि वे इस मुफ्तखोरी को लंबे समय तक चला सके। भारत के रिजर्व बैंक ने पिछले साल अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि राज्य सरकारें मुफ्त की योजनाओं पर जमकर खर्च कर रही हैं, जिससे वे कर्ज के जाल में फंसती जा रही हैं। 'स्टेट फाइनेंसेस - अ रिस्क एनालिसिस' शीर्षक रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब, राजस्थान, बिहार, केरल और पश्चिम बंगाल कर्ज के दलदल में धंसते जा रहे हैं। पर्याप्त संसाधनों का मतलब यह भी नहीं है कि उन्हें उड़ा दिया जाए, बल्कि दीर्घकालीन विकास से जुड़े कार्यक्रमों पर उन्हें लगाना चाहिए। कल्याणकारी शब्द की भी व्याख्या होनी चाहिए। व्यावहारिक दृष्टि से जनता के लिए कल्याणकारी लाभ का मतलब है उसकी बुनियादी दिक्कतों का दूर होना। मसलन उसकी गरीबी, बेरोजगारी, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी समस्याओं का दीर्घकालीन समाधान। ऐसे दूरगामी कार्यक्रमों को अक्सर समझ पाना आसान नहीं होता, जबकि हाथ में नकदी आना, मुफ्त बिजली, अनाज या मुफ्त-यात्रा का सुख फौरन दिखाई पड़ता है। इन कार्यक्रमों की अलग-अलग श्रेणियां बनाई जाएं, तो उनके लाभ और हानियां भी सामने आएंगे। देखना यह भी होगा कि सरकारी खजाने में इन सब कार्यक्रमों को पूरा कर पाने की सामर्थ्य है भी या नहीं।

वादों के व्यावहारिक-पक्ष पर कोई ध्यान नहीं देता। द्रमुक के संस्थापक सीएन अन्नादुरै ने 1967 में वादा किया था कि एक रुपये में साढ़े चार किलो चावल दिया जाएगा। वे अपने वादे से मुकर गए, क्योंकि उन्हें समझ में आ गया कि इससे राज्य पर भारी बोझ पड़ेगा। राजनीति में गरीबनवाज़ की छवि जादू करती है। इंदिरा गांधी के 'गरीबी हटाओ' ने 1971 में ऐसा जादू किया था। वर्ष 1985 में आंध्र विधानसभा के चुनाव में तेलुगु देशम? पार्टी के एनटी रामाराव ने दो रुपये किलो चावल देने का वादा किया। उन्हें चुनाव में ज़बर्दस्त सफलता मिली। भले ही चुनाव के बाद वहां आठ रुपये किलो चावल बिका, पर जादू तो चला। दक्षिण भारत में तोहफों की राजनीति का एक नया दरवाजा खुल चुका था।

सस्ते अनाज के वादे के पीछे जन-कल्याण की भावना समझ में आती है, पर वादों का पिटारा खुला तो खुलता ही चला गया। वर्ष 2006 में द्रमुक के एम. करुणानिधि ने रंगीन टीवी देने का वादा किया और चुनाव जीता। इसे लेकर सुब्रमण्यम बालाजी बनाम तमिलनाडु राज्य मामला हाईकोर्ट से होता हुआ सुप्रीम कोर्ट तक आया था, जिस पर 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनावी घोषणापत्र में किए वादों को भ्रष्ट-आचरण नहीं माना जा सकता।तमिलनाडु में लैपटॉप, गैस के चूल्हे और टीवी से लेकर मंगलसूत्र तक देने के वादे चुनाव में होते हैं। लड़कियों की शादी के समय रुपये दिए जाते हैं। चुनावी वादे भ्रष्ट आचरण हैं या नहीं, यह विषय एक अरसे से चर्चा का विषय है। यह मसला अब भी सुप्रीम कोर्ट में किसी न किसी रूप में विचाराधीन है। दो साल पहले किसी दूसरे विषय पर जनहित याचिका पर विचार करते हुए मद्रास हाईकोर्ट ने टिप्पणी की थी कि मुफ्त की चीजों ने तमिलनाडु के लोगों को आलसी बना दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कई बार इसे गंभीर मुद्दा बताया है और सरकार तथा चुनाव आयोग से कहा है कि वे इसे रोकने के लिए जरूरी समाधान खोजें। इस बार भी चुनाव से पहले मध्य प्रदेश और राजस्थान में सरकारों की ओर से चुनाव के ठीक पहले की जा रही घोषणाओं के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दाखिल की गई थीं। अदालत भी यह जिम्मेदारी राजनीतिक दलों पर डाल देती है कि वे संसद और विधानसभाओं में जाकर 'मुफ्त की रेवड़ियों' की परंपरा खत्म करने के लिए कानून बनाएं। क्या राजनीतिक दल इसके लिए तैयार होंगे। याद करें देश में मतदाता पहचान-पत्र और प्रत्याशियों के हलफनामों की व्यवस्था राजनीतिक दलों के विरोध के कारण काफी समय तक लटकी रही थी।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# पैदल चलने वालों को प्राथमिकता देने के लिए लागू की नीति

## पंजाब में पहल, जलवायु संबंधित लक्ष्यों के लिए भी 'राइट टू वॉक' काफी अहम

**विवेक गुप्ता**

पंजाब ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत राइट टू वॉक को इसी साल मई के महीने में लागू किया है। इसके लिए पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में साल 2010 में एक जनहित याचिका दायर की गई थी और राज्य की सड़कों पर चलने वाले पैदल लोगों की सुरक्षा की मांग की गई थी। आदेश जारी करने वाले पंजाब के मुख्य सचिव ने बताया कि मई के दूसरे हफ्ते में जारी शासनादेश में राज्य में काम करने वाली सभी एजेंसियों, ह्वढ्ढ, राज्य लोक निर्माण विभाग और स्थानीय निकाय के विभागों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि भविष्य में बनने वाली नई सड़कों और पुरानी सड़कों के विस्तार में फुटपाथ जरूर बनाए जाएं।विशेषज्ञों का कहना है कि इस कदम से लोगों की जान भी बचाई जा सकती है और कार्बन उत्सर्जन भी कम किया जा सकता है।पंजाब में पटिलाया जिले ने इस नीति को पूरी तरह से तैयार करके लागू करना भी शुरू कर दिया है। पटियाला ने नए फुटपाथ बनाने का शुरुआती काम चालू भी कर दिया है। पिछले साल पंजाब ने सड़क बहादसों और ट्रैफिक की रिपोर्ट जारी की थी। इसमें खुलासा हुआ कि पंजाब के मुख्य जिलों अमृतसरा, जालंधर और लुधियाना में साल 2021 में सड़क हादसों में जान गंवाने लोगों में पैदल लोगों की संख्या क्रमश- 21 प्रतिशत, 19 प्रतिशत और 13 प्रतिशत है।साल 2021 के लिए उपलब्ध नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक, पंजाब में सड़क हादसों में जान गंवाने वाले कुल लोगों में पैदल यात्रियों की संख्या 8.7 प्रतिशत है। वहीं, इसी रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में सड़क हादसों में जान गंवाने कुल लोगों में पैदल यात्रियों की संख्या 12.2 प्रतिशत है।साल 2021 में पंजाब में सड़क हादसों में कुल 4,516 लोगों की जान गई। इसमें से 395 लोग पैदल चलने वाले थे। वहीं, देशभर में सड़ हादसों में 1,55,622 लोगों की जान गई जिसमें से पैदल चलने वाले कुल 18,936 लोग थे।अनुमान है कि 2022 में हादसों में जान गंवाने लोगों में पैदल चलने वालों की संख्या पहले से भी ज्यादा है। पंजाब में भी पुलिस ने अभी तक आधिकारिक डेटा जारी नहीं किया है और ह्रष्टक्रक्च की रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है। पंजाब सरकार के ट्रैफिक सलाहकार नवदीप असीजा ने 31 जुलाई को प्रकाशित एक लेख में अनुमानित तौर पर कहा कि 2022 में पंजाब में अलग-अलग सड़कों पर 1,100 पैदल लोगों ने जान गंवाई।पंजाब में रोड सेफ्टी के लिए काम करने वाली एक सरकारी एजेंसी को मुख्य एजेंसी घोषित किया गया है। इसे ही राइट टू वॉक को लागू करवाने के लिए नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है। इसी एजेंसी के अधिकारी गुरप्रीत सिंह ने मोंगाबे-इंडिया को बताया कि अभी पंजाब में यह शुरुआती चरण में है।



कई सरकारी एजेंसियां यह सुनिश्चित करने के लिए गाइडलाइन तैयार करने में जुटी हैं कि सड़कों के विस्तार के समय फुटपाथ जरूर बनाए जाएं। हालांकि, गुरप्रीत सिंह का कहना है कि राज्य सरकार के निर्देश एकदम स्पष्ट हैं कि भविष्य में बनने वाली सभी सड़कों में फुटपाथ पूरी तरह से अनिवार्य हैं।पंजाब रोड सेफ्टी काउंसिल के सदस्य हरमन सिद्धू ने बताया कि इससे पहले पंजाब ने सड़क निर्माण में फुटपाथ को कोई तवज्जो नहीं दी। पंजाब में राइट टू वॉक लागू करने का कदम काफी अच्छा है लेकिन अभी तक यह सिर्फ कागजों पर ही है। अगर पंजाब को इसे आगे ले जाना है तो इसमें आगे बढ़कर कदम उठाने होंगे। गुरप्रीत सिंह का कनहा है कि इस नीति को लागू करने से सड़क पर चलने वाले पैदल यात्री सुरक्षित होंगे और उनकी जान जाने की घटनाओं में कमी आएगी। वहीं, असीजा का कहना है कि राइट टू वॉक को पंजाब में लागू करना सही दिशा में उठाया गया एक सही कदम है लेकिन इसमें कई चुनौतियां हैं और कई प्रयास जैसे कि पैदल चलने वालों के अनुकूल रास्ते बनाना शामिल है।पंजाब में सड़कों का नेटवर्क कुल 75 हजार किलोमीटर का है। हालांकि, पंजाब के ज्यादा शहरों और महानगरों की सड़कों पर पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ नहीं है। सड़क चौड़ीकरण के काम में कुछ फुटपाथ खत्म भी हो गए। असीजा कहते हैं कि सड़कों पर बनाई गई क्रॉसिंग काफी असुरक्षित हैं जिससे पैदल चलने वालों के लिए खतरा बढ़ जाता है।वह आगे कहते हैं, ÷फुटपाथ बनाना और उन्हें इन संकरे इलाकों में बाधा रहित रखना, खासकर क्रॉसिंग पर, एक चुनौतीपूर्ण काम है।÷उनका मानना है कि सबसे बड़ा काम है कि इसमें सिविल सोसायटी के लोगों को शामिल किया जाए और लोगों के व्यवहार में बदलाव किया जाए। वह कहते हैं, 'फिर भी फिलहाल तो पंजाब में राइट टू वॉक को कानूनी समर्थन प्राप्त है और अब फुटपाथ को लेकर कोई समझौता नहीं हो सकता।'

वहीं, पटियाला जिले में लागू की गई इस नीति ने अपनी पहली सफलता देख ली है। पटियाला की डिप्टी कमिश्नर साक्षी साहनी ने मोंगाबे-इंडिया को बताया कि स्थानीय प्रशासन ने दुख निर्वाण गुरुद्वारा के पास संकरी सड़क पर हाल ही में फिर से पेवमेंट डाल दी है, जो कि सड़क के चौड़ीकरण के समय खत्म हो गई थी।वह कहती हैं कि कई अन्य इलाकों से भी फुटपाथ हटा दिए गए थे। पर्याप्त ऑडिट के बाद अब इन फुटपाथ को फिर से बनाया जा रहा है।पॉलिसी को लागू करना कितनी चुनौतीपूर्ण है? इस सवाल के जवाब में वह कहती हैं कि यह काफी मुश्किल भरा है। सड़क चौड़ीकरण प्रोजेक्ट में पैदल चलने वालों के लिए बनाया गया ढांचा सबसे पहले खत्म होता है। इसके बाद, रेहड़ी-पटरी वालों के अतिक्रमण और कंस्ट्रक्शन सामग्री के अवशेष आदि को हटाया जाता है।वह कहती हैं, 'हमें सड़क चौड़ीकरण और फुटपाथ निर्माण को संतुलित रखना है। साथ ही, रेहड़ी-पटरी वालों को भी पर्याप्त जगह देनी है।'वह कहती हैं कि लगातार सभी स्टेकहोल्डर्स की भागीदारी से ही इसमें सुधार लाया जा सकता है।

**पैदल चलने से कम होगा कार्बन फुटप्रिंट:** विशेषज्ञों का मानना है कि राइट टू वॉक की नीति सिर्फ सड़क सुरक्षा के लिए ही नहीं है, इसे जलवायु परिवर्तन की नीतियों से भी जोड़ा जा सकता है।पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के पर्यावरण अध्ययन विभाग में प्रोफेसर असोसिएट प्रोफेसर सुमन मोर ने कहा कि हमारे आने-जाने के तरीकों में बदलाव करने से न सिर्फ इन सड़क हादसों में की आ सकती बल्कि पर्यावरण को संरक्षित रखा जा सकता है, अगर हम गाड़ी से ज्यादा वरीयता पैदल चलने को दें।उनके मुताबिक, जब ट्रांसपोर्ट और एनर्जी सेक्टर में बदलाव किया जा रहा है ताकि कार्बन उत्सर्जन में कमी आ सके तो पैदल चलने को प्रोत्साहित करके पर कैपिटा कार्बन फुटप्रिंट में भी कमाई लाई जा सकती है। इसके लिए इस नीति को बेहतर ढंग से लागू करना होगा।

उनका कहना है कि पश्चिम के देशों के कई शहरों में जलवायु परिवर्तन से जुड़ी नीतियों के तहत वायु प्रदूषण को कम करने, शारीरिक सेहत के फायदों को बढ़ावा देने और ध्वनि प्रदूषण कम करने के लिए पैदल चलने के आधारभूत ढांचों को बढ़ावा दिया जा रहा है।क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क इंटरनेशनल में ग्लोबल पॉलिटिकल स्टैटजी के हेड हरजीत सिंह भी कहते हैं कि भारत में राइट टू वॉक सिर्फ पैदल चलने का हक भर नहीं बल्कि यह बेहतर सेहत, साफ पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन को कम करने का तरीका और समग्र शहर बनाने का जरिया भी है।हरजीत सिंह से कहते हैं, 'पैदल चलने वालों के अधिकारों को वरीयता देने के साथ ही हम पैदल चलने वोलों की बहुत सारी चुनौतियों को एक झटके में खत्म कर देते हैं और एक ऐसा भविष्य तैयार करते हैं जहां पैदल चलने के लिए उठाए गए कदम सभी के लिए ज्यादा सतत और सेहतमंद देश बनाते हैं।'

**साभार :** मोंगाबे इंडिया

### संपन्न एवं सुदृढ़ अर्थव्यवस्था पर व्याख्यान आयोजित

# जोखिम के कारण स्वरोजगार का साहस नहीं कर पाते युवा: डॉ.सविता

**युवाओं ने कहा- शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दे सरकार, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनाने पर मंथन**






**विदिशा, दोपहर मेट्रो**

युवाओं को रोजगार के बहुत से अवसर मिलते हैं पर वह जोखिम के कारण रोजगार के लिए साहस नहीं जुटा पाते और जानकारी के अभाव में सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते. उक्त उद्गार नर्मदा महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा विकसित भारत लांच थीम आइडिया पोर्टल के अंतर्गत बुधवार को ÷संपन्न एवं सुदृढ़ थर्व्यवस्था÷ विषय पर आयोजित व्याख्यान के दौरान मुख्य वक्ता डा. सविता गुप्ता ने व्यक्त किए. डॉ. गुप्ता ने वोकल फॉर लोकल के माध्यम से ऋय शक्ति बढ़ाने की बात भी विद्यार्थियों के सामने रखी.

भारतीय अर्थ और वित्त व्यवस्था से युवाओं को प्रत्यक्ष रुप से जोड़ना और भविष्य में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों में अवसर कहीं ज्यादा हैं आवश्यकता है दृष्टिकोण बदलने की अब निवेश बढ़ाना और ऋ्रण के बोझ को कम करना होगा. व्याकरण माला की विशिष्ट वक्ता डॉ. के.जी.मिश्र ने अपने व्याख्यान के दौरान कहा कि आर्थिक असमानता देश को कमजोर करती है धन का वितरण समान हो। विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ धनार्जन भी हो ऐसी शिक्षा दी जानी चाहिए। सरकारी नौकरियों से अर्थव्यवस्था कभी भी संपन्न नहीं हो सकती। संयोजक डॉ हंसा व्यास ने परंपरागत ज्ञान और कौशल को प्रौद्योगिकी के साथ जोड़कर भारत को विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बनाने पर अपना वक्तव्य केंद्रित किया। उनके अनुसार सुदृढ राजनीतिक व्यवस्था और मजबूत प्रशासनिक ढांचे से ही भारत को सक्षम बनाया जा सकता है। विभागाध्यक्ष डॉ. एस. सी. हर्णे ने अपने संबोधन में कृषि, अधोसंरचना और सेवाक्षेत्र की उन्नति को भारत के विकास में महत्वपूर्ण बताया।उन्होंने स्टार्टअप और मेक इन इंडिया को युवाओं के सशक्तिकरण का माध्यम बताया। डॉ मालती पटेल ने विकसित भारत 2047 विज़न में अर्थव्यवस्था के आधार पांच प्रमुख क्षेत्रों पर प्रकाश डाला। जिसमें आई टी सेक्टर, स्वास्थ्य एवं बीमा, रियल स्टेट ऑटोमोबाइल, सौर नवीनीकरण ऊर्जा के क्षेत्र प्रमुख रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ दिनेश श्रीवास्तव ने कहा कि रोटी कपड़ा और मकान बुनियादी आवश्यकतायें हैं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में विकास की जरूरत है। अधिकार के साथ कर्तव्य को भी पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने एल पी जी मॉडल की बात भी कही। आभार व्यक्त करते डॉ प्रीति उदयपुरे ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को सम्पन्न बनाने के लिये घरेलू सकल उत्पाद को बढ़ाना होगा। खुशी साहू, मेघा वर्मा, अभय, भूमिका विश्वकर्मा,काजल कुमारी , शिवांक दुबे, मयंक वाधवानी नें भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने नारी सशक्तिकरण ,नारी शिक्षा ,स्वास्थ्य ,सुरक्षा एवं शिक्षा, आर्थिक स्थिति, प्रौद्योगिकी और अधोसंरचना विषयों पर अपने विचार रखें । कार्यक्रम में डॉ मीना कीर, डॉ.आर एस बोहरे, प्रो जी पी रैकवार, डॉ. केशव मिश्रा, डॉ. रौशनी थापक, डॉ.अंजना यादव डॉ.नीता वर्मा, श्रीमती चेतना पवार, श्रीमती रीना सक्सेना, उमेश सेन,एस के झा, सहित अत्यधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# किसान संघ ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक कृषि उपज मंडी बानापुरा में सम्पन्न हुई। जिसमे सदस्यता अभियान का मुख्य रूप से विचार किया। जो 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक चलाया जाएगा। इसके बाद एक ज्ञापन तहसीलदार राकेश खजूरिया सौंपा गया।

जिसमें मांग की गई बे मौसम बरसात से गेहूं एवं चने की फसल को भारी नुकसान हुआ है जिसका शीघ्र सर्वे कराकर राहत राशि दी जाए। समर्थन मूल्य पर धान खरीद की तारीख 10 दिन बढ़ाई जाए। खेत सड़क योजना प्रारंभ की जाएं। कृषि विभाग द्वारा किसानों को सब्सिडी पर चना दिया गया है जिसकी सब्सिडी शीघ्र ही किसानों के खाते में दी जावे।

कृषि फिटरो पर निरंतर 10 घंटे विद्युत प्रदान की जाए एवं जले हुए ट्रांसफार्मर शीघ्र ही बदले जाएं।किसानों को डीएपी एवं यूरिया के साथ अन्य सामग्री वितरण की जा रही है जिसे तत्काल रोका जाए। बिजली विभाग द्वारा किसानों के कृषि पंप को 7.5 को 10 एचपी की बातकर प्रकरण दर्ज किये जा रहे हैं। जिन्हें निरस्त किए जाएं । इस दौरान सूरजबली जाट,मंगल सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह गुलाब लौवंशी तहसील अध्यक्ष शंकर सिंह पटेल मंत्री रामेश्वर जाट राजपूत कन्हैया राजपूत मंत्री इंद्राज सिंह राजपूत के के मालवीय संजय लोवंशी सुभाष गौर अभय गौर राधाकृष्ण मालवीय बी,एल साध सहमंत्री सोनू भदौरिया करन सिंह राकेश राठौर हरिओम लोवंशी गुलाब लौवंशी रामविलास रघुवंशी नितेश भारद्वाज उपस्थित थे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विस स्टैंडिंग कमेटी हुई बैठक



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विधानसभा स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक तहसील कार्यालय कक्ष सिवनी मालवा में तहसीलदार राकेश खजूरिया की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ संपन्न हुई। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विस्तार से बताया गया जिन मतदाताओं की आयु 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है उनके नाम मतदाता सूची में जोड़ना है। 6 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 318 मतदान केंद्रों पर किया जाएगा 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक दावे आपत्ति लेना है इसके तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ना, मतदाता सूची से नाम काटना तथा संशोधन करना आदि प्रमुख है। 8 फरवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा मतदान केन्द्रो के युक्ति युक्त कारण के संबंध में राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों से चर्चा की गई राजनैतिक दल द्वारा अपने कोई आवेदन निर्वाचन कार्यालय में जमा नही किए हैं। बैठक मे रघुवीर राजपूत, कमलेश लौवंशी, तुषार लौवंशी, भगवान दास जमीदार, अंतराम बामनिया, अजय मालवीय, जगदीश लौवंशी, निर्वाचन कार्यालय से पंकज परसाई, निर्वाचन मीडिया प्रभारी राममोहन रघुवंशी एवं पुष्पराज पटेल उपस्थित थे।

## राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक के लिए पार्यवेक्षक नियुक्त

**सीहोर।** जिले में राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 का आयोजन 17 दिसंबर,2023 को दो शास्त्रों में किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर 8 परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। आयोग ने परीक्षा आयोजन की वर्तमान व्यवस्था के अतिरिक्त इस महत्वपूर्ण परीक्षा की प्रक्रियात्मक, निष्पक्षता और नागरिकों में उसके प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए सेवा.नि.आईएएस श्री बीआर नायडू को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। नियुक्त पर्यवेक्षक श्री नायडू का मो.-942560233 है। पार्यवेक्षक आवश्यकता अनुसार भ्रमण कर सकते हैं। परीक्षार्थी किसी भी तरह की गड़बड़ी या व्यवस्था के लिए शिकायत पर्यवेक्षक को कर सकते हैं। नियुक्त पर्यवेक्षक द्वारा परीक्षा तिथि के एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्था भी देखेंगे। पार्यवेक्षक परीक्षा दिनांक 17 दिसम्बर को आकस्मिक निरीक्षण भी किया जाएगा। परीक्षा संबंधि किसी भी शिकायत पर प्राथमिकता के साथ जांच कर निराकरण की व्यवस्था की जाएगी।

## एड्स पखवाड़ा के अंतर्गत श्रमिकों जागरूकता शिविर आयोजित

**सीहोर।** एड्स पखवाड़ा-2023 के अंतर्गत चावडी में श्रमिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में उपस्थित श्रमिकों को एड्स से बचाव पर जागरूक किया गया। जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ.जेडी कोरी ने बताया कि कांउसलर श्रीमती पुष्पा साहू तथा श्रीमती कामीनी गौर के द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि एड्स नामक इस भयानक बीमारी ने देश की एक बड़ी आबादी को अपने प्रभाव में जकड़ कर रखा है। देश में 15 से 49 वर्ष की आयु के बीच के लगभग 25 लाख लोग एड्स से प्रभवित है। यह आंकड़ा विश्व में एड्स प्रभावित लोगों की सूची में तीसरे स्थान पर आता है। एड्स एक ऐसी जानलेवा बीमारी है जो मानवीय प्रतिरक्षी अपूर्णता विषाणु एचआईवी संक्रमण के पश्चात मानवीय शरीर की प्रतिरोधक क्षमता घटने लगती है। उन्होंने बताया कि एड्स की पुष्टि चिकित्सकों द्वारा जांच के उपरांत ही की जा सकती है।

**जिले में आईईसी वेन ग्राम पंचायतों तथा निकायों में पहुंचेगी**

## योजनाओं को करेगी प्रचारित, प्रभारी अधिकारी रंजन द्वारा आईईसी वैन का किया गया निरीक्षण




**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

रायसेन जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 दिसम्बर से 26 जनवरी तक नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में आयोजित की जा रही है। भारत सरकार द्वारा जिले में उपलब्ध कराई गई आठ आईईसी वेन द्वारा नगरीय निकायों के वार्डो तथा ग्राम पंचायतों में पहुंचकर केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रभारी अधिकारी श्री प्रोवश रंजन विश्वास आईओएएस आर्थिक कार्य विभाग भारत सरकार ने कलेक्ट्रेट परिसर में आईईसी वेन का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा आईईसी वेन हेतु बनाए गए रूट चार्ट तथा यात्रा की तैयारियों के बारे में अवगत कराया गया। इन आईईसी वेन द्वारा सभी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में भारत सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। आईईसी वेन में उपलब्ध ऑडियो विजुअल एड, ब्रोशर, पम्पलेट, बुकलेट इत्यादि से सूचनाओं और जानकारियों को आमजन तक पहुँचाया जाएगा।

**मेट्रो एंकर** | **विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रभावी संचालन किया जाए: कलेक्टर**

# केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र वंचित न रहें

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

केन्द्रीय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से देश में हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के लिये प्रदेश के साथ ही नर्मदापुरम में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यात्रा की तैयारियों के संबंध में बुधवार को कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि जिले में 16 दिसंबर से यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा 26 जनवरी 2024 तक आयोजित की जायेगी।

भारत सरकार द्वारा यात्रा के लिए सभी जिलों को आईईसी वेन उपलब्ध करायी गई है। इन आईईसी वैनों को जिले के सभी नगरीय निकाय एवं सभी ग्राम पंचायत में तय रूट चार्ट के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। आईईसी वेन द्वारा ऑडियो विजुअल एड, ब्रोशर पम्पलेट, बुकलेट के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 4 और शहरी क्षेत्रों के लिए 3 वाहन उपलब्ध कराएं गए हैं। यह वाहन निर्धारीत शेड्यूल के अनुसार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पहुंचेंगे। प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों में 2 पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्रामों को सम्मिलित करते हुए एक प्रमुख स्थान पर निर्धारित गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र में 10 हजार की आबादी पर प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित होंगे।

यात्रा के संचालन के लिए जिला स्तरीय , ब्लॉक स्तरीय , ग्राम एवं नगर की समितियां बनाई गई । साथ ही नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को जिले में यात्रा का प्रभावी और सफलतापूर्वक संचालन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा के तहत निर्धारित शेड्यूल के अनुसार कार्यक्रम की सभी तैयारियां समयसीमा में पूर्ण करें। मैदानी स्तर पर सरपंच, सचिव , रोजगार सहायक, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी कार्यक्रम के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने यात्रा के संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

### शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कई योजनाएं शामिल हैं

ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान में सम्मिलित योजनाओं में आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण) उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड,पीएम पोषण अभियान, हर घर जल – जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हेल्थ कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र योजनाएं शामिल है। शहरी क्षेत्रों में सम्मिलित योजनाएं, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, आयुष्मान भारत – पीएम आवास योजना (शहरी), स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना, अमृत योजना,. पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया, आरसीएस उड़ान, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना शामिल है।



यातायात अभियान में भी लग रहा है जाम

# आखिर कब जिम्मेदारी से काम करेगी यातायात पुलिस!



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

पिछले कुछ दिनों से यातायात पुलिस के द्वारा यातायात विभाग के नियमों का पालन नहीं करने वालों पर निरंतर चलानी करवाई करके दो पहिया वाहन चालकों को जरूर परेशान किया जा रहा है। दूसरी और नो एंट्री के बाद भी बड़े वाहनों का प्रवेश शहर में हो रहा है उन पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

यातायात विभाग के नियमों इनके द्वारा खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है । लापरवाही से सड़क के बीचो-बीच ही वाहनों को खड़े कर दिए जाते हैं। ऐसे वाहन चालकों पर यातायात पुलिस के द्वारा किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है इस वजह से शहर के मुख्य सड़कों पर लगने वाले जाम से भी आम जनता को छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। चेकिंग अभियान में जब इस तरह के हालात है तो आम दिनों में क्या स्थिति होगी इस बात से अंदाजा भी लगाया जा सकता है । कितनी लापरवाही से यातायात पुलिस अपने काम को अंजाम दे रही है। नहीं तो अभियान में तो नगर की ट्रैफिक व्यवस्था इतनी अच्छी होती कि कहीं जाम के हालत नहीं बनते एवं बाहन चालकों में भी चलानी कार्रवाई का डर देखने को मिलता जिम्मेदारों की लापरवाही से हालत ठीक होने की जगह बिगड़ते जा रहे हैं। लापरवाही से वाहनों को सड़कों के किनारो पर कहीं भी खड़े करके वाहन चालक चले जाते हैं। ऐसी वाहन चालकों से यातायात पुलिसकर्मी कुछ नहीं रहती है। बाईपास आदि मार्गो पर पहुंचकर वाहन चालकों की जांच पड़ताल करके दूसरे काम को अंजाम दिया इस वजह से नगर की व्यवस्था चौपट पड़ी हुई है। ट्रैफिक की समस्या को लेकर कई बार एसडीओपी यातायात थाना प्रभारी को डांट फटकार लगा चुके हैं फिर भी कोई परिवर्तन नहीं हो रहा है। सरकार बदलने के बाद भी यातायात पुलिस की कार्यप्रणाली में कोई परिवर्तन होते हुए दिखाई नहीं दे रहा है।

### चेतावनी देने के बाद प्रशासनिक अमले ने हटाया अतिक्रमण

# अतिक्रमण न हटाने पर सामान जप्त, मुख्यबाजार से नहीं हटा अतिक्रमण





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी के निर्देश अनुसार नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू एवं स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना अतिक्रमण प्रभारी संजीव यादव आरआई विनोद शर्मा अविनाश भृगु सहित नगर पालिका के अतिक्रमण अमले द्वारा नवीन सब्जी मंडी नगर पालिका के सामने एवं पुराने बस स्टैंड के शासकीय भूमि पर किए गए स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नपा अमले द्वारा की गई है । ज्ञात हो की पुराने बस स्टैंड पर व्याप्त फेल रहे अतिक्रमण की शिकायत काफी दिनों से मिल रही थी नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर में लाउडस्पीकर के माध्यम से सभी जगह लोगों को सूचित किया जा रहा था कि जल्द से जल्द जो भी व्यापारी या व्यक्ति द्वारा सड़क के दोनों किनारो पर टीन शेड एवं अपने सामान के माध्यम से अतिक्रमण किया गया है उसे जल्द से जल्द हटाया जाए परंतु कई प्रकार सूचना देने के बाद भी अतिक्रमणधारियों ने अपना सामान नहीं हटाया तो आज प्रशासनिक अमले ने सख्ती दिखाते हुए कार्यवाही की। वहीं जिन लोगों के द्वारा अतिक्रमण किया गया था और उनके द्वारा सूचित करने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया उनका प्रशासनिक अमले द्वारा सामान जप्त कर लिया गया। देखा जाए की नगर पालिका के सुस्त रवैये के कारण जो शहर में अतिक्रमण होता है उसे अतिक्रमणधारियों के हौसले बुलंद होते हैं। पूरे शहर में जगह-जगह दबंगो एवं व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है परंतु नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह सोया हुआ नजर दिखाई देता है कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति की जाती है कई वर्षों से शहर में अतिक्रमण को लेकर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहता है प्रशासन द्वारा कार्यवाही तो होती है पर उस कार्यवाही का असर कुछ ही दिन दिखाई पड़ता है।

**मुख्यबाजार में क्यों नहीं हटा अतिक्रमण -**

गौरतलब हो की नगर में पुराना बस स्टैंड नवीन बस स्टैंड तहसील रोड मंडी बाईपास रोड पर तो अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही होती देखी जाती है लेकिन देखा जाए की मुख्य बाजार जैसे कोर्ट गेट से लेकर राज बाजार छोटा बाजार सिनेमा चौराहा चांदनी चौक बड़ा बाजार सराफा बाजार कठली बाजार कस्टम पथ पर व्याप्त अतिक्रमण हो रहा है लेकिन प्रशासन कि नजर इस और क्यों नहीं जाती यह बात समझ से परे है।

**इनका कहना है**

*नगर में अतिक्रमणकारियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है आज नपा की टीम द्वारा सब्जी मंडी नगर पालिका के सामने एवं पुराने बस स्टैंड पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है यह अतिक्रमण महिम लगातार जारी रहेगी।*

*रामप्रकाश साहू, नपा प्रभारी सीएमओ सिरोंज*

### थाना पथरिया पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# दो ट्रैक्टर एवं 10 लाख रुपए जप्त कर आरोपियों को किया गिरफ्तार



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

थाना पथरिया पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है जिसमें आरोपी सहित 10 लाख रुपए का मशरूका जप्त किया गया है । जानकारी के अनुसार फरियादी माजिद खाँ निवासी बमुलियाताल की सूचना कि आरोपी शारिक खां पुत्र शाकिर खां जाति महोबिया निवासी सीहोरा थाना कुरवाई 2- राजकुमार सहरिया निवासी सीहोरा थाना कुरवाई उक्त व्यक्तियो व्दारा षडयंत्र पूर्वक बेईमानी से छलपूर्वक मुझ प्रार्थी माजिद खाँ पुत्र खुर्शीद खां एवं मेरे भाई हामिद खां, निवासी ग्राम बमूलियाताल की सोयाबीन, मसूर, चने एवं तेवडा की फसल कीमत कुल लगभग 11,13,400/-रूपये बेईमानी पूर्वक ले जाकर हडपने ले गई है एंव लगभग 6-7 माह पूर्व से ग्राम राजपुर, ग्राम पथरिया, बमूलियाताल आकर मुझ प्रार्थी एवं अन्य किसानो से फसल खरीदी की जाती थी एवं आसपास के गाँव से अन्य लोगो के साथ भी फसल खरीद कर लगभग 20-25 लाख रूपये की फसल लेकर गायब हो गया है। जिस पर से थाना पथरिया पर अपराध क्र. 174/23 धारा 420,406,34 भादवि का कायम कर विवेचना मे लिया गया ।

उक्त आरोपीगण की तलाश पतारसी हेतु पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव के द्वारा आरोपीगण की धर पकड करने को निद्रेशित किया गया था, श्रीमान के आदेश के पालन मे एसडीओपी कुरवाई मनीष राज के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी एंव उनकी टीम के द्वारा आरोपी शाकिर एंव राजकुमार को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त दो ट्रेक्टर आईसर एंव सोनालीका मय ट्रॉली कीमती करीब 8 लाख रुपये एंव 2 लाख रुपये नगद कुल मसरुका 10 लाख रुपये जप्त किये गये । विशेष भूमिका दृ उनि ऋतुराज सिंह, सउनि विजय सिंह आर.अंकुश जाट,आर शुभेन्द्र, सै.कमल, मआर.चायना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# दुर्घटना को रोकने के लिए बनाया जाएगा चैंबर, सड़क होगी चौड़ी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



कृषि उपज मंडी के सामने बैंक भी संचालित हो रही है। साथ ही मुख मार्ग होने के कारण इस मार्ग पर यातायात का दबाव रहता है। दूसरी ओर किसान अपनी फसल लेकर जब मंडी के अंदर जाते हैं यहां जाम की स्थिति बन जाती है नाले में ट्रैक्टर ट्राली गिरने का डर रहता है। इस समस्या के समाधान के लिए एसडीएम हर्षल चौधरी ने यहां पर दोनों तरफ टोटल 6 मीटर चौड़ी सड़क बनाने का प्लान बनवाया है तो जल्दी ही मूर्ति रूप लेगा तो यह समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी इसके अलावा चैंबर भी बनवाया जाएगा अभी खुला चैंबर होने के कारण दुर्घटनाएं लगातार हो रही है उसमें भी रोक लग जाएगी। चेंबर और नाला होने के कारण मुख्य मार्ग की सड़क यहां पर सकरी हो गई है बैंकों और मंडी के साथ यातायात का दबाव रहता है। इस वजह से यहां पर दिन भर जाम लगा रहता है चौंबर खुला होने के कारण कई बार दो पहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं । शिकायतों के बाद इस समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा था। विधायक ने भी नाराजगी जाहिर की थी उनके निर्देश के बाद यहां पर सड़क को चौड़ा किया जा रहा है।

**इनका कहना है -**

*डिस्टर्ब तरफ ट्रांसफार्मर रखा हुआ है वहां पर 4 मीटर चौड़ी और जहां पर चैंबर बना है उसे तरफ 2 मीटर चौड़ी सड़क करवा रहे हैं । इसके बाद यहां पर जाम की समस्या नहीं होगी दुर्घटनाएं भी नहीं होगी किसानों को भी अपनी ट्रालियां ले जाने में परेशानी नहीं होगी।*

*हर्षल चौधरी, एसडीएम सिरोंज*

# गायब हुई नाबालिग लड़की को, पथरिया पुलिस ने बीना से किया बरामद

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

पथरिया थाना क्षेत्र से नाबालिक लड़की गायब हो गई थी माता-पिता की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदी का मामला दर्ज करके मुस्कान अभियान के तहत नाबालिक लड़की की खोज प्रारंभ की तो पता चला की लड़की बीना पहुंच गई है जहां से उसको बरामद करके उसके माता-पिता को सौंप दिया गया घर वालों को बगैर बताएं लड़की चली गई थी इसके बाद परिजनों ने थाने में आकर शिकायत की तो पुलिस ने मामला दर्ज करके खोजबीन की कड़ी से कड़ी को जोड़ते हुए लड़की की खोजबीन करते हुए उसकी बरामद कर लिया। पथरिया थाना प्रभारी रितु ऋतुराज ने बताया कि लड़की गायब हो गई थी जिसको हमने बीना से बरामद कर लिया है पूछताछ के बाद लड़की को उसके माता-पिता के हवाले कर दिया है।

# ग्राम पंचायत सुनारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की प्रभारी अधिकारी ने की समीक्षा



**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

रायसेन जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 दिसम्बर से 26 जनवरी तक नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में आयोजित की जा रही है। जिले में भारत सरकार द्वारा नियुक्त विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रभारी अधिकारी श्री प्रोवश रंजन विश्वास आईओएएस आर्थिक कार्य विभाग भारत सरकार ने सांची जनपद के सलामतपुर पहुंचकर ग्राम पंचायत सुनारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने ग्राम पंचायत में भारत सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन तथा यात्रा हेतु की गई व्यवस्थाओं से अवगत कराया। प्रभारी अधिकारी श्री प्रोवश रंजन द्वारा सरपंच, पंचायत सचिव से चर्चा कर जानकारी ली गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों से भी संवाद किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर**

### सौंपे गए दायित्वों का क्रियान्वयन चुनावी तर्ज पर करें-कलेक्टर

# विकसित भारत संकल्प यात्रा की संपूर्ण रिपोर्टिंग, मॉनिटरिंग के लिए डे नोडल अधिकारी नियुक्त, दायित्वो की जानकारी दी

**विदिशा, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुये हैं के परिपालन में कलेक्टर उमाशंकर भार्गव प्राप्त निर्देशों के परिपालन में जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर श्री भार्गव ने कहा कि विकसित भारत यात्रा के सम्पूर्ण दायित्वो का क्रियान्वयन चुनावी तर्ज पर किया जाएगा ताकि कार्यो के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की विलम्बता ना हो।



कलेक्टर श्री भार्गव ने कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयेजित बैठक में जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति के सभी 43 सदस्यों के साथ-साथ खण्ड स्तरीय सदस्यों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बोधित किया है। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सुपात्रताधारी हितग्राहियों को प्राप्त हुआ है कि नहीं। यदि नहीं मिला है तो उन्हें हितलाभ दिलाए जाने के प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे वहीं यदि योजना से हितग्राही लाभांवित हुए है तो उनके जीवन में क्या आशातीत परिवर्तन आए है कि कहानी हितग्राही की जुबानी कार्यक्रम स्थलों पर स्वंय हितग्राहियों के द्वारा बतलाई जाएगी और उपरोक्त कार्यक्रमों का बेव पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा जिसकी सीधी मॉनिटरिंग पीएमओ कार्यालय के माध्यम से की जाएगी।

कलेक्टर श्री भार्गव ने बताय कि विदिशा जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा की निहित उद्धेश्यों की प्राप्ति में कहीं कोई चूक ना हो का विशेष ध्यान रखा जाए इससे पहले यात्रा के माध्यम से किए जाने वाल प्रचार प्रसार, पूर्व तैयारियां आयोजन दिवस सम्पादित किए गए कार्यो का बेव पोर्टल पर अपलोड करना, आइआईसी बेन का तिथिवार रूटचार्ट तैयार करना, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पृथक-पृथक तैयार करना इत्यादि पर विकसित जानकारी दी गई।

जिला पंचायत सीईओ एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट ने बताया कि जिले में 41 दिनों तक चलने वाले उपरोक्त कार्यक्रम की हर स्तर पर मॉनिटरिंग की जाएगी। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजनों हेतु कए जाने वाले प्रबंधो के संबंध में उन्होंने विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए बताया कि हर तीसरे दिन कलेक्टर सर द्वारा सम्पन्न हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी।


## लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश

**गौतम नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल -462023**

**दूरभाष 0755-2583650, फैक्स 0755-2583651**

क्र/भण्डार/जी/लेखन सामग्री/निविदा/20/2023-24/1036 भोपाल दिनांक-07/12/2023

**निविदा-सूचना**

कार्यालय लोकशिक्षण संचालनालय ,मप्र गौतम नगर, भोपाल में लेखन सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु , अनुबंध दिनांक से एक वर्ष की अवधि के ई-निविदा के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

1- निविदा प्रपत्र राशि रूपये 1,000/- (राशि रूपये एक हजार मात्र) का ऑनलाईन भुगतान कर दिनांक 13.12.2023 को प्रातः 10:30 बजे से दिनांक 26.12.2023 के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदाएं दिनांक 26.12.2023 को दोपहर 05:30 PM बजे तक ऑनलाईन जमा की जा सकेगीं।

2- तकनीकी निविदा 27.12.2023 को खोली जावगी।

3- तकनीकी निविदा में पात्र पाये गये संस्थाओं की वित्तीय निविदा दिनांक 02-01-2024 को खोली जायेगी। किसी कारणवश निविदा नहीं खोली जाती है तो अगले कार्य दिवस में निविदा खोलने की कार्यवाही की जावेगी।

4- निविदा से संबंधित संशोधन एवं विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर ही उपलब्ध करायी जायेगी।

**आयुक्त**
**लोक शिक्षण मध्यप्रदेश**

G-21535/23

# चेतेश्वर पुजारा, बाबर आजम और युजवेंद्र चहल के लिए बुरा रहा साल

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारतीय टेस्ट टीम के खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा के लिए साल 2023 कुछ खास नहीं रहा. बाबर आजम के लिए भी यह साल बुरा रहा. विराट कोहली और रोहित शर्मा समेत कई दिग्गज खिलाड़ी पूरे साल छाए रहे. विश्व क्रिकेट में इन दिग्गजों के साथ कई नए सितारे भी चमके. अनुभवी गेंदबाज मो.शमी ने विश्व कप 2023 में शानदार प्रदर्शन करके सभी का दिल जीत लिया. लेकिन कुछ सितारे ऐसे भी रहे जिनके लिए यह साल अच्छा नहीं रहा. पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बाबर आजम, भारतीय टेस्ट क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा और स्पिन गेंदबाज युजवेंद्र चहल का नाम इस लिस्ट में शामिल हैं।



### चेतेश्वर पुजारा

भारत के अनुभवी टेस्ट खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा टीम इंडिया से बाहर हो गए हैं. वे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं हैं. पुजारा के लिए यह साल कुछ खास नहीं रहा. उन्होंने इस साल पांच टेस्ट मैच खेले हैं. पुजारा ने पहले टेस्ट में महज 7 रन बनाए. वहीं अगले टेस्ट की पहली पारी में जीरो पर आउट हो गए. इसके बाद नाबाद 31 रन बनाए. वहीं एक टेस्ट मुकाबले में 1 और 59 रन बनाए. अगले टेस्ट में 42 रन बनाए. उन्हें अब टेस्ट टीम में जगह नहीं दी गई है.

### बाबर आजम

पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी बाबर आजम को कप्तानी से इस्तीफा देना पड़ा. बाबर की टीम का विश्व कप 2023 में निराशाजनक प्रदर्शन रहा था. अगर बाबर के निजी प्रदर्शन को देखें तो वह भी कुछ खास नहीं रहा था. वे बांग्लादेश के खिलाफ 9 रन, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 18 रन और श्रीलंका के खिलाफ 10 रन बनाकर आउट हो गए थे. हालांकि बाबर ने न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के खिलाफ अर्धशतक भी लगाया था. इससे पहले पाक टीम एशिया कप में भी फेल हो गई थी. लिहाजा बाबर की मुश्किलें काफी बढ़ गई.

### युजवेंद्र चहल

टीम इंडिया के अनुभवी स्पिनर चहल के लिए यह साल अच्छा नहीं रहा. वे विश्व कप 2023 के लिए टीम इंडिया में जगह नहीं बना सके. चहल ने भारत के लिए आखिरी वनडे जनवरी 2023 में खेला था. वहीं आखिरी टी20 अगस्त 2023 में खेला था. चहल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हो रही टी20 सीरीज के लिए भी टीम में जगह नहीं मिली. चहल इस साल घरेलू क्रिकेट में ज्यादा व्यस्त रहे. वे कई बड़े मौकों पर भारत के लिए अच्छा परफॉर्म कर चुके हैं. हालांकि उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में जरूर शामिल कर लिया गया है।

### टीम इंडिया के लिए नई भूमिका में दिख सकते हैं केएल राहुल

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 17 दिसंबर से वनडे सीरीज का आगाज होगा. केएल राहुल इस सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे. राहुल अब तक अधिकतर मैचों में विकेटकीपर ओपनिंग बैट्समैन की भूमिका में नजर आए हैं. वे कुछ मैचों में मिडिल ऑर्डर में भी खेले हैं. लेकिन अब राहुल की भूमिका बदल सकती है. रिपोर्ट्स की मानें तो राहुल बैटिंग पोजीशन को लेकर कोच राहुल द्रविड़ और रोहित शर्मा से बात करेंगे. इसके साथ-साथ वे आईपीएल के अगले सीजन में भी बदलाव के साथ नजर आ सकते हैं. क्रिकबज की एक खबर के मुताबिक केएल राहुल मिडिल ऑर्डर बैटर की भूमिका में नजर आ सकते हैं. वे बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज ओपनर की भूमिका में ज्यादा नजर आए हैं. लेकिन राहुल अब सभी फॉर्मेट्स में मिडिल ऑर्डर में जगह पक्की करना चाहते हैं. वे इसको लेकर टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा से बात करेंगे.राहुल आईपीएल में भी भूमिका को बदलना चाहते हैं।

### जोहान्सबर्ग में तीसरा टी-20 आज

# साउथ अफ्रीका से भारत का तीसरा मुकाबला होगा



**जोहान्सबर्ग, एजेंसी**

भारत और मेजबान साउथ अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज का तीसरा मुकाबला आज जोहान्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच शाम 8.30 बजे से शुरू होगा। टॉस शाम 8.00 बजे होगा। 3 मैचों की सीरीज में साउथ अफ्रीका 1-0 से आगे है। टीम ने दूसरा मुकाबला 5 विकेट से जीता था, जबकि पहला मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया था। टीम इंडिया सभी फॉर्मेट की सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका दौरे पर है। 17 दिसंबर से 3 मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत होगी, उसके बाद टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। वांडरर्स स्टेडियम में भारत और साउथ अफ्रीका चौथी बार टी-20 में आमने-सामने हैं। इससे पहले 3 में से 2 मैच इंडिया और एक साउथ अफ्रीका ने जीता है। दोनों के बीच अब तक 8 टी-20 सीरीज खेली गई हैं। इसमें 4 भारत जीता और 2 में साउथ अफ्रीका जीती। 2 सीरीज ड्रॉ रही हैं।

### टीम के लिए सबसे ज्यादा रन सूर्या ने बनाए

इस सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी सूर्यकुमार यादव कर रहे हैं। वे इस साल टी-20 फॉर्मेट में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। दूसरे नंबर पर यशस्वी जायसवाल हैं। उन्होंने 14 मैचों में 370 रन बनाए हैं। सूर्या ने सीरीज के दूसरे मैच में 56 रन की पारी खेली थी। सूर्या के अलावा रिंकू सिंह ने भी पिछले मैच में ताबड़तोड़ पारी खेली थी। उन्होंने 39 बॉल पर 68 रन बना डाले थे। बॉलिंग अटैक की बात करें तो पेसर अर्शदीप सिंह टॉप पर हैं।

### हेंड्रिक्स और कूट्जी का शानदार फॉर्म जारी

साउथ अफ्रीका के बैटर रीजा हेंड्रिक्स और बॉलर जेराल्ड कूट्जी का शानदार फॉर्म जारी है। दोनों ने पिछले मैच में टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। हेंड्रिक्स ने 49 रन की पारी खेली थी, तो कूट्जी ने 3 विकेट लिए। मेजबान टीम के लिए इस फॉर्मेट में टॉप रन स्कोरर हेंड्रिक्स ही हैं। बॉलिंग में टॉप विकेटटेकर कूट्जी हैं। रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर कप्तान ऐडन मार्करम हैं। उन्होंने 7 मैचों में 214 रन बनाए हैं। वहीं वांडरर्स स्टेडियम की पिच बैटिंग फ्रेंडली है। इस पिच पर बाउंस ज्यादा है। जिसके चलते गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आती है।

## शेन वॉर्न की याद में होगा बॉक्सिंग डे टेस्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी**

शेन वॉर्न की याद में पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और शेन वॉर्न लिगेसी लिजेंडरी स्पिनर की याद में टेस्ट मैच के शुरुआती 4 दिन फैंस के लिए फ्री हार्ट टेस्ट भी रखने जा रहे हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार, 12 दिसंबर को अपनी वेबसाइट पर इसकी जानकारी दी है। इस साल का बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच 26 से 30 दिसंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर वॉर्न का मार्च 2022 में हार्ट अटैक से निधन हो गया था। उस समय वॉर्न की उम्र महज 52 साल थी। फ्री हार्ट टेस्ट के लिए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में और आस-पास 23 मेडिकल-ग्रेड हेल्थ स्टेशन बनाए गए हैं, जहां लोगों का एक चार मिनट का टेस्ट होगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और शेन वॉर्न लिगेसी के इस पहल का उद्देश्य हार्ट हेल्थ के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही बोर्ड ने फैंस से मेलबर्न मैच के दौरान फ्लॉपी हैट पहनकर वॉर्न को श्रद्धांजलि देने का आग्रह किया है। पिछले साल भी ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के खिलाड़ियों ने राष्ट्रगान के दौरान फ्लॉपी हैट पहनकर वॉर्न को श्रद्धांजलि दी थी।

## पाकिस्तान से पर्थ में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप आज से शुरू

**नईदिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान से पर्थ में शुरु होने वाली टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले के लिए ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है। 14 से 17 दिसंबर तक चलने वाले पहले टेस्ट मुकाबले के लिए ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान पैट कमिंस के साथ दो खिलाड़ियों को उपकप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह टेस्ट सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जा रही है। स्टीव स्मिथ के साथ ट्रेविस हेड को भी बनाया गया है उपकप्तान अनुभवी प्लेयर स्टीव स्मिथ के साथ ट्रेविस हेड को भी उपकप्तानी की जिम्मेदारी इस मुकाबले के लिए दी गई है। ट्रेविस हेड ने भारत में हुए वनडे वर्ल्ड कप में 54.83 की औसत से 329 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 2 शतक और एक अर्धशतक जमाया था। वहीं प्लेइंग इलेवन में तीन तेज गेंदबाजों और एक स्पिनर को टीम भी जगह दी गई है। पेस की जिम्मेदारी कैप्टन पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के कंधों पर हो होगी। वहीं टीम में नाथ लायन इकलौते स्पिनर है। लायन एशेज सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे और उसके बाद से वह टीम से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट लॉर्ड्स में 2 जुलाई को खेला था। ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला टेस्ट मैच 14-17 दिसंबर तक पर्थ में जबकि दूसरा टेस्ट बॉक्सिंग डे के दिन यानी 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में शुरू होगी।



## विश्व में सबसे ज्यादा भारत में होंगी भर्तियां, कंपनियों में बढ़ेंगे कर्मचारी

### मेट्रो बाजार



**नईदिल्ली, एजेंसी**

दुनियाभर में सुस्ती के बीच अगले तीन महीनों में भारत में सर्वाधिक रोजगार मिलने की उम्मीद है। 37 फीसदी कंपनियों ने कहा, वे कर्मचारियों की संख्या बढ़ाएंगी, जो 2023 की तुलना में पांच फीसदी अधिक है। मैनपावर ग्रुप ने विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 3,100 कंपनियों पर किए एक सर्वे में कहा कि भारत में कर्मचारियों की भर्ती की संभावना 41 देशों में सबसे अधिक है। मैनपावर ग्रुप इंडिया व मध्य पूर्व के एमडी संदीप गुलाटी ने सर्वे के हवाले से कहा, भारत और नीदरलैंड 37 फीसदी भर्ती की संभावना के साथ सबसे ऊपर हैं। कोस्टारिका व अमेरिका 35 फीसदी के साथ दूसरे, मेक्सिको 34 फीसदी के साथ तीसरे स्थान पर है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर भर्ती की उम्मीद 26 फीसदी है। वित्तीय व रियल एस्टेट क्षेत्र में सर्वाधिक 45 फीसदी भर्ती की उम्मीद है। आईटी में 44 फीसदी व कंज्यूमर गुड्स सेवाओं में 42 फीसदी की उम्मीद है। पश्चिमी भारत में ज्यादा उम्मीद पश्चिमी भारत में भर्तियों की उम्मीद 39 फीसदी व उत्तरी भारत में 38 फीसदी है। पूर्वी क्षेत्र में सबसे कमजोर भर्ती की उम्मीद है। ज्यादातर कंपनियों को पदों के हिसाब से कुशल उम्मीदवार नहीं मिल पा रहे हैं। ट्रांसपोर्ट, लॉजिस्टिक सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। भारत में 81 फीसदी नियोक्ताओं का मानना है कि कुशल कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। इस कमी से ट्रांसपोर्ट, लॉजिस्टिक और ऑटोमोटिव क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

## काइनेटिक जुलु के लाइनअप में चौथा मॉडल लॉन्च



**नईदिल्ली, एजेंसी।** काइनेटिक ग्रीन ने आज यानी सोमवार 11 दिसंबर को अपना नया इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च किया है। इसे 94,990 रुपए की एक्स-शोरूम कीमत पर लॉन्च किया गया है। इसमें सब्सिडी भी शामिल है। काइनेटिक के इस स्कूटर का मुकाबला ह्यद्ग स1 ङ्ग से होगा। स्कूटर की डिलीवरी जनवरी 2024 से शुरू होने की उम्मीद है। जुलु कंपनी के लाइनअप में चौथा मॉडल है। इसके पहले कंपनी जिंग ॥।ह्र, जिंग, जूम और काइनेटिक ग्रीन फ्लेक्स लॉन्च कर चुकी है। जुलु ई-स्कूटर को पावर देने के लिए 2.27 द्मङ्खद्ध लिथियम-आयन बैटरी लगाई गई है। कंपनी का दावा है कि ये एक बार फुल चार्ज करने पर 104 चद्व चल सकता है। रियल वर्ल्ड में 70-75 चद्व की रेंज मिल सकती है। इसमें 2.1 च2 क्ष्ष्ट इलेक्ट्रिक मोटर लगी है और इसकी टॉप स्पीड 60 किमी प्रति घंटा है। 15-द्वश्च सॉकेट से बैटरी को आधे घंटे में 80त्न चार्ज कर सकते हैं। इसकी बैटरी रेटेड है जो कि 100त्न भारत में निर्मित है। चार्जिंग पोर्ट पीछे की तरफ है और ऑटो कट-ऑफ सुविधा से लैस है ताकि रात भर चार्ज करने के लिए स्कूटर को प्लग इन कर सकें। ऑयल कूलिंग तकनीक के साथ, स्कूटर सेफ्टी का हाई लेवल और एफिशिएंट थर्मल मैनेजमेंट एन्श्योर करता है। ये 10,000 के एडिशनल प्राइस टैग के साथ आता है। इसे पिक्सल व्हाइट, इंस्टा ऑरेंज, यूट्यूब रेड, ब्लैक एक्स, एफबी ब्लू और क्लाउड ग्रे रंग में उतारा गया है।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## 'उड़ान' में भैरव सिंह की भूमिका के लिए रोनित नहीं थे निर्माता की पहली पसंद



रोनित रॉय इंडस्ट्री के मशहूर कलाकारों में से एक हैं। अभिनेता ने टेलीविजन से लेकर फिल्मी जगत दोनों में काफी नाम कमाया है। रोनित रॉय हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'फर्रे' में नजर आ आए थे। इस फिल्म से सलमान खान की भतीजी अलीजेह अग्निहोत्री ने बॉलीवुड डेब्यू किया है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में रोनित ने खुलासा किया कि 'उड़ान' में भैरव सिंह की भूमिका के लिए वे पहली पसंद नहीं थे। शुरुआत में राम कपूर को इस किरदार के लिए चुना गया था।

### राम कपूर थे निर्माता की पहली पसंद

एक बातचीत के दौरान रोनित रॉय ने कहा कि निर्माता विक्रमादित्य मोटवानी को शुरू में भैरव सिंह की भूमिका के लिए उनमें कुछ खास नजर नहीं आया था। वे इस किरदार के लिए निर्माता की पहली पसंद नहीं थे। उनको जिमी की भूमिका के लिए चुना गया, जिसे शुरू में किसी अन्य अभिनेता को सौंपा गया था। हालांकि, जब जिमी के लिए चुने गए अभिनेता ने इस किरदार को करने से मना कर दिया, तो रोनित को उस भूमिका के लिए वापस बुलाया गया।

### ऐसे मिला भैरव सिंह का किरदार

अभिनेता ने आगे बताया कि भैरव सिंह के किरदार के लिए जिसे कास्ट किया गया था, वे भी पीछे हट गए। इसके बाद बदलावों को लेकर अनुराग और विक्रम दोनों ने आपस में बात की। उन्होंने कहा, मेरे सुबह 4 बजे शूटिंग से घर लौटने के बाद करीब 7.30 बजे उनकी पत्नी ने बताया कि अनुराग बाहर इंतजार कर रहे हैं। अनुराग ने कहा कि रोनित तुम भैरव सिंह का किरदार निभाने के लिए तैयार हो? मैंने इस किरदार को निभाने के लिए हां कर दी। जबकि बाद में राम कपूर को जिमी का किरदार निभाने के लिए लाया गया।

### रोनित रॉय का वर्कफ्रंट

वर्कफ्रंट की बात करें तो रोनित रॉय अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर अपकमिंग फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में नजर आने वाले हैं। फिल्म अगले साल ईद पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसके अलावा रोनित इस साल रिलीज हुई कार्तिक आर्यन की फिल्म 'शहजादा' में उनके पिता के किरदार में नजर आए थे। इसके बाद उन्हें आदित्य रॉय कपूर और मृणाल ठाकुर की क्राइम थ्रिलर फिल्म 'गुमराह' और शाहिद कपूर की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'ब्लडी डैडी' में देखा गया था।

## 'एनिमल की बहन' बन खुशी से झूमीं अभिनेत्री सलोनी बत्रा



संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म 'एनिमल' का जलवा बॉक्स ऑफिस के साथ-साथ लोगों के दिलों-दिमाग पर भी देखने को मिल रहा है। फिल्म में रणबीर कपूर, बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी के अभिनय ने लोगों को इस कदर प्रभावित किया है कि सभी तालियां बजाने को मजबूर हो गए हैं। हालांकि, यह एनिमल को ब्लॉकबस्टर बनाने का जितना श्रेय इन सभी सितारों को जाता है उतना ही फिल्म के सहायक किरदारों को भी दिया जाता है। इन्हीं कलाकारों में से हैं अभिनेत्री सलोनी बत्रा, जिन्होंने एनिमल में रणबीर कपूर की बहन का किरदार निभाया है। एक खास बातचीत में सलोनी ने फिल्म में उनके किरदार को मिल रहे प्यार और सभी सितारों के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में खुलकर बातचीत की। अभिनेत्री सलोनी बत्रा संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म एनिमल में रणबीर कपूर की बहन रीत का किरदार निभा रही हैं। फिल्म के बाकी सभी कलाकारों के साथ ही सलोनी भी इन दिनों इसकी सक्सेस को एंजॉय कर रही हैं। यह हम नहीं बल्कि उनके द्वारा हाल ही में इंटरव्यू कही बातों से पता लग रहा है। जब सलोनी से पूछा गया कि उन्हें एनिमल की बहन बनकर कैसा लगा रहा है? तो इस पर सलोनी ने लंबी सी मुस्कान के साथ जवाब दिया कि, मैं जनता द्वारा दिए जा रहे प्यार के लिए उनकी शुक्रगुजार हूं। मैं बहुत लकी हूं कि मुझे रीत का किरदार निभाने का मौका मिला। इस फिल्म में मुझे पहचान ही नहीं बल्कि इंडस्ट्री के दिग्गजों के साथ काम करने का भी मौका दिया। अभिनेत्री ने बताया कि वह बेहद खुश हैं कि लोग उन्हें आज के समय में एनिमल की बहन के नाम से जानते हैं। सलोनी ने इंटरव्यू में उस समय को भी याद किया जब उन्हें यह फिल्म ऑफर की गई थी और कहा, मुझे जब यह फिल्म ऑफर हुई तो मुझे लगा मेरी इतने वर्षों की मेहनत रंग ला रही है। मेरे सपने जो मैंने एक अभिनेत्री के रूप में देखे थे यह वह सीढ़ी है, जिससे उनके पूरे होने की शुरुआत होगी।

## विश्वास नहीं होता एलओसी कारगिल को हो गए 20 साल पूरे : अभिषेक



साल 2003 में रिलीज हुई फिल्म एलओसी कारगिल को रिलीज हुए आज पूरे 20 साल हो चुके हैं। फिल्म 12 दिसंबर 2003 को रिलीज हुई थी। इस खास मौके पर फिल्म की स्टारकास्ट अजय देवगन, अभिषेक बच्चन और ईशा देओल ने डायरेक्टर जे.पी. दत्ता को शुक्रिया अदा करते हुए भावुक पोस्ट शेयर की है। फिल्म में विक्रम बत्रा का रोल प्ले करने वाले अभिषेक बच्चन ने फिल्म के सेट की कुछ यादगार तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, समय कितनी जल्दी बीत जाता है। विश्वास नहीं हो रहा कि फिल्म एलओसी कारगिल की रिलीज के 20 साल हो चुके हैं। इतने सारे दोस्तों के साथ फिल्म बनाना बहुत ही यादगार था। लेकिन इससे भी ज्यादा गर्व की बात थी इंडियन आर्म्ड फोर्स के असली हीरोज की कहानी दिखाना। शुक्रिया जेपी दत्ता साहब मुझे चुनने और मुझे इस फिल्म का हिस्सा बनाने के लिए। फिल्म में लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे का रोल प्ले करने वाले अजय देवगन ने भी सेट की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इनके साथ उन्होंने लिखा, उन निशातों ने लिए जो हमें लड़ी गईं युद्ध की याद दिलाते हैं। इस जर्नी, यादों और इस रास्ते में बने दोस्तों के लिए शुक्रगुजार हूं। फिल्म स्र्ह्रष्ट कारगिल में ईशा देओल ने भी विक्रम बत्रा की गर्लफ्रेंड डिंपल का रोल प्ले किया था। फिल्म के 20 साल पूरे होने पर ईशा ने बताया है कि ये उनके करियर का सबसे यादगार रोल था। जे.पी. दत्ता का शुक्रिया अदा करते हुए उन्होंने लिखा है, जे.पी. दत्ता जी शुक्रिया डिंपल के इमोशनल रोल के लिए मुझ पर भरोसा करने के लिए।

# मोटर साइकिलों के बीच हुई आमने-सामने की भिड़ंत में चार युवक घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

रातीबड़ इलाके में सोमवार रात मोटर सायकिलों के बीच हुई आमने-सामने की भिड़ंत में चार युवक घायल हो गए। गंभीर हालत में घायल एक युवक का बेहोशी की हालत में निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने एक्सीडेंट का काउंटर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक अनिकेत पठारिया (22) बाणगंगा टीटी नगर में रहता है और नीलबड़ चौराहा स्थित अपने चाचा दीपलाल पठारिया की दुकान पर काम करता है। सोमवार की रात करीब नौ बजे वह अपने दोस्त उज्ज्वल नेमा के साथ मोटर सायकिल से अपने चाचा के घर गोल्डन सिटी जा रहा था। उज्ज्वल ने कालोनी के गेट पर जैसे ही अपनी बाइक मोड़ी, वैसे ही सामने से आ रही बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे दोनों मोटर सायकिलों पर सवार चारों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गये। उज्ज्वल और अनिकेत को इलाज के



लिए जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से दोनों को निजी अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। निजी अस्पताल में भर्ती अनिकेत की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गंभीर रूप से घायल उज्ज्वल की हालत नाजुक बनी हुई है।

इधर दूसरे पक्ष हर्ष राय (22) निवासी कोतवाली जिला सीहोर ने पुलिस को बताया कि वह कुबरेश्वर धाम पर प्रसाद की दुकान चलाता है। सोमवार की रात वह अपने दोस्त अर्पित जोशी के साथ गोल्डन सिटी में रहने वाली बहन के घर जा रहा था। रात करीब नौ बजे कालोनी के गेट पर पहुंचा, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गिरकर घायल हो गए। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से दोनों को इलाज के लिये जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया गया। इसी बीच हादसे की सूचना पाकर उसके बहनोई शैलेंद्र जायसवाल भी अस्पताल पहुंच गए थे। वह हर्ष को इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे और बाद में घर ले गए। मंगलवार दोपहर को हर्ष ने थाने पहुंचकर टक्कर मारने वाली अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज करवाया।

## स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक जख्मी

निशातपुरा इलाके में स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक रीमा तिवारी (40) शांति नगर करोंद में रहती हैं और नगर निगम में काम करती हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि मंगलवार को वह अपने कार्यालय में थी, तभी उनके भाई ऋतुराज तिवारी ने फोन करके एक्सीडेंट की सूचना दी। ऋतुराज ने बहन को बताया कि वह दोपहर करीब पौने दो बजे करोंद चौराहे से गांधी नगर की तरफ जा रहा था। रतन कालोनी ग्राउंड के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने ओवरटेक करते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। मौके पर पहुंची रीमा ने एम्बुलेंस बुलाई और भाई को इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उसका इलाज चल रहा है। टक्कर मारने वाली स्कार्पियो भी घटनास्थल पर ही खड़ी थी, जिसका नंबर देखने के बाद उन्होंने थाने जाकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### 100 से अधिक सीसीटीवी खंगाले, आरोपी की तलाश में तीन टीम रवाना

# लॉज में कांच की बोतल से हमला कर मार्केटिंग एक्जीक्युटिव की हत्या करने वाला फरार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**भोपाल। हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित सपना लॉज में ठहरे मार्केटिंग एक्जीक्युटिव की हत्या करने वाले झारखंड के हत्यारे का सुराग नहीं लग सका है। घटना मंगलवार रात करीब 9 बजे के आसपास की है। हत्या के बाद आरोपी ने रिसेप्शन पर जाकर कर्मचारी से कहा था कि वह गिर गया है। कर्मचारी कमरे में देखने पहुंचा तो हत्यारा मौके से फरार हो चुका था। पीएम रिपोर्ट नहीं मिलने के कारण पुलिस हत्या का मामला दर्ज नहीं किया है। पुलिस हत्यारे की तलाश में जुटी हुई है।**

थाना प्रभारी अवधेश प्रताप भदौरिया ने बताया कि अमनदीप सिंह (44) त्रिलंगा शाहपुरा के थे। वे चॉकलेट कंपनी में मार्केटिंग एक्जीक्युटिव थे। उनकी पत्नी का कैंसर की बीमारी के कारण वर्ष 2018 में निधन हो चुका है। परिवार में दो बेटियां और एक बेटा त्रिलंगा स्थित मकान में रहते हैं। अमनदीप का अपने बच्चों से विवाद चल रहा था। विवाद होने के कारण एक महीने बीस दिन से वह लाज में रह रहे थे। 23 अक्टूबर को उन्होंने लॉज का रूम नंबर 102 बुक कराया था। 4 दिसंबर को उनके बगल वाले रूम नंबर 101 में नितिन बृजवासी निवासी, झारखंड रह रहा था। नितिन ने होटल के कर्मचारियों को बताया था कि उसकी बहन आर्मी के शासकीय क्वार्टर में रहती है और उससे वह मिलने आया था, लेकिन बहन से कहासुनी के बाद उसे लॉज में रुकना पड़ रहा है।



फाइल फोटो

### हाथ की नस कटने से हुई मौत

थाना प्रभारी भदौरिया ने बताया कि अमनदीप के दाहिने हाथ की कोहनी के ऊपर गहरी चोट थी। नस कटने से काफी खून बह चुका था। एंबुलेंस की टीम ने प्राथमिक जांच में ही अमनदीप को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पीएम के बाद बच्चों को सौंप दिया है। पुलिस को अभी पीएम रिपोर्ट नहीं मिली है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा।

### शराब पीने के बाद हुआ था विवाद

पड़ोस के रूम में रहने वाले नितिन बृजवासी से अमनदीप की दोस्ती हो गई थी। दोनों साथ बैठकर शराब पीते थे। मंगलवार रात भी दोनों साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। करीब 9 बजे के आसपास संदेही नितिन बृजवासी नीचे रिसेप्शन पर पहुंचा और उसने कर्मचारी गौरीशंकर से कहा कि रूम में अमनदीप गिर गए हैं और उन्हें गंभीर चोट आई है। यह बात सुनते ही कर्मचारी ऊपर कमरे में पहुंचा था। इधर संदेह नितिन बृजवासी रिसेप्शन से फरार हो गया। कमरे में पहुंचे गौरीशंकर ने अमनदीप को खून से लतपथ देख पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी थी।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, अज्ञात कार चालक पर मामला दर्ज

**भोपाल।** एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित केंद्रीय विद्यालय के पास स्कूटी सवार को कुचलने वाले अज्ञात कार चालक पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है, ताकि कार और आरोपी चालक का पता लगाया जा सके। पुलिस के अनुसार बल्ली शाक्या पिता भगवानदास शाक्या (46) राजीव नगर, विकास नगर गोविंदपुरा में रहते थे। वे प्राइवेट काम करते थे। गत 23 नवंबर की रात करीब साढ़े 9 बजे वह एमपी नगर से घर लौट रहे थे। इस दौरान सांची पार्लर के सामने केन्द्रीय विद्यालय के पास राजीव नगर एम.पी.नगर में अज्ञात कार ने उनकी स्कूटी पेप को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी थी। टक्कर मारने के बाद कार का चालक कार लेकर भाग निकला था। इधर गंभीर रूप से घायल बल्ली शाक्या को जय प्रकाश अस्पताल ले जाया गया। वहां हालत नाजुक देखते हुए बल्ली को हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया था। हमीदिया अस्पताल में दो दिन चले इलाज के बाद 25 नवंबर को बल्ली की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया था। पुलिस की जांच में पता चला कि टक्कर किसी अज्ञात कार ने मारी थी। लिहाजा पुलिस ने अज्ञात कार चालक पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## महिला निरीक्षक की कार को चार पहिया वाहन ने मारी टक्कर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित झदा कब्रिस्तान पहाड़ी पर कल दोपहर महिला निरीक्षक की कार को एक चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से निरीक्षक की कार का बंफर और डिग्गी क्षतिग्रस्त हुई है। हालांकि उन्हें चोट नहीं आई है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। वाहन के नंबर के आधार पर उसकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार निशा अहिरवार पति प्रमेन्द्र अहिरवार (38) गुलाबी नगर, बाग मुगलिया में रहती हैं और पुलिस विभाग मे निरीक्षक हैं। कल उनकी ड्यूटी लाल परेड मैदान में लगी थी। वे ड्यूटी करने के बाद दोपहर करीब सवा 2 बजे अपनी कार से घर लौट रही थी। इस दौरान झदा पहाड़ी की घाटी पर पीछे से आ रहे चार पहिया वाहन क्रमांक क्र32रू3233 के ड्राइवर ने वाहन को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाकर उनकी कार को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उनकी कार के पीछे डिग्गी तथा बंफर का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।निशा कार से उतरी तो आरोपी अपना वाहन लेकर भाग गया। भागते समय निशा ने उसकी गाड़ी का नंबर देख लिया था। इसके बाद जहांगीराबाद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।




## सड़क क्रॉस कर रहे युवक को अज्ञात कार ने मारी टक्कर

**भोपाल।** कोहेफिजा में सड़क क्रास कर रहे एक युवक को अज्ञात कार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक बाबुल खां (25) आष्टा जिला सीहोर का रहने वाला है और गांव-गांव जाकर मिर्ची बेचने का काम करता है।

सोमवार को वह अपने इज्तिमा में शामिल होने के बाद घर लौट रहा था। उसके साथ मामू आमीन खां और दोस्त अरमान भी था। तीनों लालघाटी स्थित लायन सिटी के पास बस का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच अरमान पानी पीने के लिए सड़क क्रास कर दूसरी तरफ जाने लगा, तभी लालघाटी की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार के चालक ने उसे टक्कर मार दी और बैरागढ़ की तरफ भाग निकला। गंभीर रूप से घायल अरमान को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे हमीदिया अस्पताल रैफर कर दिया गया। मंगलवार देर रात बाबुल खां ने थाने जाकर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

## आईएसबीटी पार्किंग और भोजपाल मेला से मोटर साइकिलें ले उड़े बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी में होने वाली वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। गोविंदपुरा स्थित आईएसबीटी पार्किंग और भोजपाल मेला से दो युवकों की बाइकें चोरी हो गईं। कई अन्य स्थानों से बदमाश दोपहिया वाहन चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक अनिल कुमार पाल (42) बीडीए रोड अवधपुरी में रहते हैं और अरेरा कालोनी स्थित एक निजी कंपनी में काम करते हैं। पिछले दिनों वह आईएसबीटी स्थित पार्किंग में बाइक खड़ी कर सागर चले गए थे। देर रात वापस लौटने के बाद बाइक उठाने पहुंचे तो पता चला कि वह गायब हो चुकी है। तलाश करने पर भी जब बाइक का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर गुप्ता कालोनी आनंद नगर पिपलानी में रहने वाले संजय सोनी (36) एक राशन की दुकान पर काम करते हैं। रविवार की रात वह गोविंदपुरा दशहरा मैदान में चल रहे भोजपाल मेला देखने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अपनी मोटर सायकिल मेले के सामने कार्मल स्कूल के पास खड़ी की थी। मेले से बाहर आने के बाद उनकी बाइक गायब हो चुकी थी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इसी प्रकार कमला नगर थानांतर्गत नेहरू नगर में रहने वाले अभिषेक यादव, लालघाटी स्थित पंजाबी ढाबा के सामने से रवि यादव और हमीदिया अस्पताल परिसर से शाहिद बेग और संतोष कुमार यादव तथा शांति नगर हनुमानगंज से कन्हैयालाल कुकरेजा की मोटर सायकिल चोरी हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौके पर मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित सिरोंज रोड पर करारिया जोड़ और सुंदरपुर के बीच कल रात करीब 8 बजे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन चालक पर मामला दर्ज उसकी तलाश कर रही है। पुलिस को गाड़ी का नंबर मिला है। हालांकि तय नहीं हो सका है कि उसी गाड़ी ने युवक को टक्कर मारी है।

पुलिस के अनुसार धनवीर उर्फ सेतू पिता लखनसिंह अहिरवार (22) ग्राम मेगरा कला, तहसील बैरसिया में रहता था। वह मजदूरी करता था। कल रात करीब 8 बजे वह बैरसिया से अपने गांव काम कर लौट रहा था। इस दौरान सिरोंज रोड पर करारिया जोड़ और सुंदरपुर के बीच उसकी बाइक को सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस को बुलाकर धनवीर को चेक कराया तो उसक मौत हो चुकी थी। बाइक को सामने से टक्कर लगने के कारण धनवीर को गंभीर चोट आई थी।

**मेट्रो एंकर** पति के खिलाफ दर्ज हुआ प्रकरण, मौत के बाद बढ़ेंगी धाराएं

# प्रभात चौराहे के पास डिवाइडर पर चढ़ी बाइक, महिला की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रभात चौराहे के पास होंडा शोरूम के सामने बेतुके ढंग से बने डिवाइडर ने एक महिला की जान ले ली। वह अपने पति के साथ मोटरसाइकिल पर सवार थीं। डिवाइडर पर वाहन चढ़ जाने से पीछे बैठी महिला सिर के बल गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उन्हें पहले नर्मदा अस्पताल और फिर एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। ऐशबाग पुलिस ने मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी है।



पुलिस के मुताबिक सेंट थामस स्कूल के पास अयोध्या नगर निवासी प्रदीप सक्सेना विंध्याचल भवन में सहायक सांख्यिकी आधिकारी हैं। विगत 14 नवंबर की शाम करीब साढ़े 6 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। पत्नी अलका सक्सेना (52) पीछे सवार थीं। उसी दौरान उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर होंडा शोरूम के सामने डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे में अलका सक्सेना बुरी तरह जख्मी हो गई थीं। पति ने उन्हें बेहोशी की हालत में नर्मदा अस्पताल में भर्ती कराया था। होश में नहीं होने के कारण महिला के बयान नहीं हो सके थे। करीब एक माह चले इलाज के दौरान महिला की एम्स अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि इस मामले में पति के खिलाफ धारा 279,337 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। पत्नी की मौत के बाद प्रकरण में धारा 304ए बढ़ाई जा सकती है।

## बाइक की टक्कर से घायल हुआ युवक

**भोपाल।** निशातपुरा इलाके में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक भगवानदास प्रजापति (30) ग्राम धमर्रा थाना गुनगा का रहने वाला है और बेस्ट प्राइज में काम करता है। मंगलवार शाम करीब पौने छह बजे वह संजय स्वीट्स के सामने पैदल सड़क क्रास कर रहा था, तभी एक तेज रफ्तार मोटर सायकिल चालक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रसलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022